R.N.I.No.-UPHIN/2023/87530

# पंचायत ग्राउन्ड जीरो से

कानपुर, नई दिल्ली, लखनऊ, अलीगढ़, औरैया, इटावा, गोरखपुर, बस्ती, बनारस, मऊ, आजमगढ़, श्रावस्ती में प्रसारित

वर्ष : 03 अंक : 302 | कानपुर, मंगलवार 16 दिसम्बर 2025 | (प्रातःकालीन हिन्दी दैनिक) | पृष्ठ–8 | मूल्य–5 रूपये

## वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा देश : सीएम योगी

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल



की पुण्यतिथि पर आज यहां जीपीओ स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रदेशवासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत माता के अमर सपूत लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का महापरिनिर्वाण दिवस है। आज सम्पूर्ण देश अखण्ड भारत के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को स्मरण कर रहा है तथा उनकी सेवाओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर, 1875 को गुजरात के करमसद में एक सामान्य किसान परिवार में हुआ था।

उन्होंने अपने परिश्रम से उच्च शिक्षा अर्जित की। उच्च शिक्षा अर्जन करने के पीछे सरदार वल्लभ भाई पटेल का उद्देश्य आजीविका प्राप्त करना या विदेशी हुकूमत की नौकरी करना नहीं, बल्कि देश और दुनिया को समझ कर अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का लाभ भारत माता के चरणों में समर्पित करना था। उन्होंने आजादी के आन्दोलन को नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने कई बार जेल की यातनाएं सही, लेकिन आजादी के आन्दोलन से कभी विचलित नहीं हुए। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की आजादी के समय पुरजोर तरीके से भारत के विभाजन का विरोध किया था। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत में स्थित सभी रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाकर वर्तमान भारत का स्वरूप प्रदान किया। इस वर्तमान स्वरूप के शिल्पी के रूप में भारत सदैव लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करेगा। देश की आजादी के समय जब अंग्रेजों ने 'टू नेशन थ्योरी' को देश में लागू किया, तो ब्रिटिश हुकूमत ने देशी रियासतों को स्वतंत्रता दी कि वह भारत गणराज्य में शामिल होना चाहें या पाकिस्तान में या अपना स्वतन्त्र अस्तित्व बनाए रखना चाहें। भारत की सभी देशी रियासतों तथा हिन्दू रियासतों ने भारत गणराज्य का हिस्सा बनने के लिए सहमति व्यक्त की। जूनागढ़ का नवाब तथा हैदराबाद का निजाम भारत गणराज्य में शामिल नहीं होना चाहते थे। जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम ने मना कर दिया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की सूझबूझ के परिणामस्वरूप तथा रक्तहीन क्रान्ति के माध्यम से जूनागढ़ और हैदराबाद रियासतें भारत गणराज्य का हिस्सा बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए कश्मीर में धारा–370 समाप्त कर कश्मीर को भारत गणराज्य का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में 'एक प्रधान–एक विधान–एक निशान' के संकल्प को आगे बढ़ाया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने गृह मंत्री के रूप में सोमनाथ मन्दिर के पुनरुद्धार सहित अनेक कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया था। उन्होंने विवादों के समाधान का तन्त्र विकसित करने तथा भारत की प्रशासनिक सेवा को वर्तमान स्वरूप देने का कार्य भी किया। देश को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लम्बे कालखण्ड तक प्राप्त होता, इससे पहले 15 दिसम्बर 1950 को उनकी नश्वर भौतिक देह व भौतिक नेतृत्व हमसे अलग हो गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति उनकी सेवाएं तथा योगदान हमारे लिए चिर स्मरणीय अध्याय तथा नई प्रेरणा बन गईं। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम जब भी आता है, प्रत्येक भारतवासी बड़ी श्रद्धा तथा सम्मान के साथ भारत माता के महान सपूत के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी सम्बोधित किया।

## जेपी नड्डा और अमित शाह ने की नितिन नबीन की ताजपोशी, कई शीर्ष नेता रहे मौजूद

एजेंसी

नई दिल्ली ।भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार सरकार में




मंत्री नितिन नबीन की ताजपोशी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में की गई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नितिन नबीन को पटका पहनाकर और गुलदस्ता देकर उनकी ताजपोशी की।वहीं इसके बाद पार्टी कार्यालय में तमाम भाजपा नेताओं ने नितिन नबीन को पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। बता दें कि नितिन नवीन का जन्म 23 मई 1980 हो हुआ था। नितिन को जब कार्यकारी अध्यक्ष बने तो उनकी उम्र 45 साल है और भाजपा की उम्र भी इतनी ही है। इससे पहले दिल्ली में बिहार के मंत्री नितिन नबीन का पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर शानदार स्वागत किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर नितिन नबीन का स्वागत किया था। बिहार में नितिन नबीन की छवि साफ–सुथरे और संगठन में बेहतर पकड़ वाले नेता की है। नितिन नबीन भाजपा के बड़े नेताओं से एक और जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिवंगत नबीन सिन्हा के बेटे हैं। 23 मई 1980 पटना में नितिन नबीन का जन्म हुआ है। उनकी 12वीं तक की पढ़ाई दिल्ली में हुई। 2005 में पटना पश्चिम सीट से विधायक रहे 55 साल के नबीन सिन्हा का निधन दिल्ली में हो गया था। उस वक्त नितिन महज 26 साल के थे। भाजपा ने अब तक का सबसे युवा कार्यकारी अध्यक्ष चुना है। अगर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो भाजपा के सबसे युवा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड बनाएंगे। फिलहाल यह रिकॉर्ड अमित शाह के नाम है। वह 49 साल की उम्र में अध्यक्ष बने थे। जबकि नितिन गडकरी 52 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। वहीं 76 साल के लाल कृष्ण आडवाणी के नाम सबसे अधिक उम्र के भाजपा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड है।

## ईवीएम पर उठ रहे सवालों पर सुप्रिया सुले बोलीं– जिस मशीन से चार बार जीती, उस पर शक नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर सवाल उठाने वाले विपक्षी दलों के रुख से हटकर उस पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को दोष नहीं देंगी, क्योंकि वह उन्हीं मशीनों के माध्यम से चार बार संसद के लिए चुनी गई हैं।



सुप्रिया सुले एनसीपी–एसपी महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसमें कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) जैसे दल भी शामिल हैं, जो अक्सर चुनाव प्रक्रिया में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया करते रहे हैं। बारामती निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली चार बार की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर हुई बहस के दौरान अपनी यह बात रखी। उन्होंने साफ तौर पर कहा, श्मैं उसी मशीन से चुनी गई हूं, इसलिए मैं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन या वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर सवाल नहीं उठाऊंगी। उन्होंने आगे कहा, श्मैं मशीन के खिलाफ नहीं बोल रही हूं। मैं बहुत सीमित बात कह रही हूं, और भारतीय जनता पार्टी से बहुत उम्मीदें हैं, जिसे महाराष्ट्र में इतना बड़ा जनादेश मिला है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के विरोध में हो रही बहस के बीच सुले का यह बयान काफी मायने रखता है। सुप्रिया सुले के सीधे तौर पर मशीन की विश्वसनीयता पर संदेह करने से इनकार करने की बात सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में एक नई चर्चा छेड़ दी है। क्योंकि, वह उस गठबंधन का हिस्सा हैं, जो अक्सर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सवाल उठाता रहा है।

## आर्मी हाउस पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू, भारतीय सेना ने स्वदेशी हथियारों और तकनीक का दिखाया सामर्थ्य

संवाददाता

नई दिल्ली। जय दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना ने अपनी आधुनिक और स्वदेशी ताकत का बड़ा प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आर्मी हाउस में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में शिरकत की, जहां सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर भारतीय सेना ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिस्टम, ड्रोन विश्लेषण तकनीक, पोर्टेबल कम्युनिकेशन सिस्टम और आधुनिक उपकरणों की झलक पेश की। यह प्रदर्शन सेना के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ते कदम को दिखाता है। दिसंबर 16 को मनाए जाने वाले विजय दिवस के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में सेना ने बताया कि कैसे भारतीय सैनिक, इंजीनियर, स्टार्टअप और शैक्षणिक संस्थान मिलकर देश की सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह प्रदर्शन भारतीय सेना के आधुनिक, नवाचार आधारित और आत्मनिर्भर स्वरूप को दर्शाता है। कार्यक्रम में 73 देशों के राजदूत और उच्चायुक्त, वीरता पुरस्कार विजेता, खिलाड़ी और देश के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इससे दुनिया के सामने भारत की



बढ़ती रक्षा क्षमता और स्वदेशी तकनीक पर भरोसा भी साफ नजर आया।

इस कार्यक्रम में सबसे बड़ा आकर्षण एआई आधारित सैटेलाइट इमेजरी विश्लेषण प्रणाली रही। यह सिस्टम सैटेलाइट से मिलने वाली तस्वीरों का तेजी से और सटीक विश्लेषण करता है। पहले जहां तस्वीरों को हाथ से देखकर समझना पड़ता था, वहीं अब यह तकनीक बदलाव पहचानने, गतिविधियों पर नजर रखने और जरूरी जानकारी तुरंत सामने लाने में मदद करती है। यह सिस्टम सेना की तैयारियों को मजबूत करता है और आपदा प्रबंधन, कृषि आकलन, भूमि प्रबंधन और बुनियादी ढांचे की योजना में भी नागरिक एजेंसियों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। भारतीय सेना ने एक खास पोर्टेबल एआई सिस्टम भी दिखाया, जिसे 'एआई–इन–ए–बॉक्स' कहा जा रहा है। यह सिस्टम बिना इंटरनेट या नेटवर्क के भी काम करता है। दूरदराज और कठिन इलाकों में यह तकनीक सैनिकों को जानकारी का विश्लेषण करने, योजना बनाने और फैसले लेने में मदद देती है। इसके साथ ही सेना ने 'एकम एआई' प्लेटफॉर्म भी पेश किया, जो पूरी तरह स्वदेशी और सुरक्षित है। यह संवेदनशील इलाकों में विदेशी सॉफ्टवेयर या बाहरी क्लाउड पर निर्भरता के बिना काम करता है।सेना ने स्वदेशी ड्रोन विश्लेषण प्रणाली का भी प्रदर्शन किया। यह सिस्टम बरामद किए गए ड्रोन की जांच कर उनसे अहम जानकारी निकालता है।

## लोकसभा 2024 के बाद अब 2026 की तैयारी, बीजेपी ने पीयूष गोयल और बैजयंत पांडा को सौंपी बड़ी राज्यों की जिम्मेदारी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया, जबकि भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को असम राज्य का प्रभारी बनाया गया है। दोनों राज्यों में 2026 में चुनाव होंगे। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए विधि एवं न्याय एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल और नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को सह–निर्वाचित नियुक्त किया गया है, जबकि जम्मू–कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता और विधायक सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शना बेन जरदोश को असम का सह–निर्वाचित बनाया गया है।इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के एक दिन बाद, बिहार के मंत्री नितिन नबीन ने सोमवार को पटना में अपने पिता, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं का निरंतर मार्गदर्शन किया है और वे अपने पिता के आशीर्वाद से आगे की यात्रा शुरू कर रहे हैं। उन्होंने यहां महावीर मंदिर में जाकर प्रार्थना भी की। राज्य भाजपा अध्यक्ष और बिहार मंत्री दिलीप जायसवाल भी उनके साथ मंदिर गए थे।

नवीन ने कहा कि मैं अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। मैंने महावीर मंदिर में दर्शन भी किए, जिससे हमें ऊर्जा मिलती है।

## इंडिगो उड़ान रद्दीकरण मामले में सुप्रीम इनकार, याचिकाकर्ता को दिल्ली हाईकोर्ट जाने की दी सलाह

नई दिल्ली । इंडिगो एयरलाइंस द्वारा सैकड़ों उड़ानें रद्द किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता नरेंद्र मिश्रा से कहा कि वह अपनी शिकायतें लेकर दिल्ली हाईकोर्ट जाएं, क्योंकि वहां पहले से ही इसी तरह का मामला चल रहा है। मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली के बेंच ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट पहले से ही इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा है। इसलिए याचिकाकर्ता वहीं अपनी बात रखें।



हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर हाईकोर्ट में शिकायतों का समाधान नहीं होता है, तो याचिकाकर्ता दोबारा सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं। इस दौरान कोर्ट को यह भी बताया गया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने और यात्रियों को हो रही परेशानियों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाई है। यह समिति उड़ानें रद्द होने के कारणों और उससे यात्रियों पर पड़ रहे असर की समीक्षा करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि जब मामला पहले से ही दिल्ली हाईकोर्ट और DGCA के संज्ञान में है, तो फिलहाल वह इस पर सीधे सुनवाई नहीं करेगा। बता दें कि इससे पहले 10 दिसंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया था कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से पैदा हुए संकट पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई। हाईकोर्ट ने कहा था कि इस वजह से लाखों यात्री फंस गए और दूसरी एयरलाइंस ने मनमाने दाम वसूले। दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका में मांग की गई है कि केंद्र सरकार यात्रियों को मदद और रिफंड दिलाने के निर्देश दे।दूसरी ओर सुनवाई के दौरान इंडिगो की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 5 दिसंबर को एक विशेषज्ञ समिति बनाई है। यह समिति उड़ानें रद्द होने के कारणों और यात्रियों को हो रही परेशानियों की जांच करेगी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता दिल्ली हाईकोर्ट की कार्यवाही में शामिल होकर अपनी सभी दलीलें रख सकते हैं। याचिकाकर्ता नरेंद्र मिश्रा ने कोर्ट में कहा कि उड़ानें रद्द होने से यात्री बुरी तरह परेशान हैं। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है, लेकिन जब दिल्ली हाईकोर्ट मामले को देख रहा है, तो वहीं समाधान तलाशा जाना चाहिए।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ नारों के लिए देश से माफी मांगें कांग्रेस नेता: रीजीजू

नई दिल्ली। कांग्रेस की रविवार को आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लगाए गए नारों को लेकर सत्तापक्ष के विरोध के कारण सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के करीब पांच मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने



कहा कि कांग्रेस के नेताओं को इस सदन के माध्यम से देश से माफी मांगनी चाहिए। सदन की बैठक 11 बजे शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ पूर्व सदस्यों के निधन की सूचना दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बिरला ने प्रश्नकाल शुरू करने का निर्देश दिया। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को यहां आयोजित कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा, "कल कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री मोदी जी की कब्र खोदने की बात कही गई। यह इस देश के लिए बहुत दुखद है कि कांग्रेस पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है। पूरी कांग्रेस पार्टी...पूरा का पूरा नेतृत्व उस रैली में मौजूद था और प्रधानमंत्री मोदी जी की कब्र खोदने का नारा इन्होंने लगाया।" उन्होंने कहा कि इस देश के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक, इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि देश के प्रधानमंत्री, 140 करोड़ लोगों के नेता, विश्व के सबसे प्रसिद्ध और सबसे मजबूत नेता के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। रीजीजू ने कहा, "2014 में एक भाजपा सांसद ने एक गलत शब्द का इस्तेमाल विपक्ष के लिए किया था।

## पीएम मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की



75वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना जीवन देश को एकजुट करने में समर्पित कर दिया।'मोदी ने कहा, "कृतज्ञ राष्ट्र एक अविभाजित और सशक्त भारतवर्ष के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को कभी नहीं भूल सकता।" गुजरात के नाडियाड में 1875 में जन्मे पटेल ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई थी। देश के पहले गृह मंत्री के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता के बाद 560 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सरदार प्रटेल का निधन 1950 में हुआ था।

# प्रतिनिधि मण्डल ने कैबिनेट मंत्री पंचायती राज को सौपा ज्ञापन

## एक लाख ग्रामीण सफाई कर्मियों समस्याओं से अवगत कराया

संवाददाता

लखनऊ। कैबीनेट मंत्री, पंचायती राज विभाग ओमप्रकाश राजभर से उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मण्डल में नरेन्द्र पाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष, विजय पाल सिंह प्रधान विशेष सलाहकार, प्रवेश कुमार प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, इंदल सिंह जिला अध्यक्ष रामपुर, रामसेवक ठाकुर जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष शामिल है। वार्ता में उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग में कार्यरत एक लाख सफाई कर्मचारियों की मांगों हेतु गठित समिति के पारित निर्णय पदोन्नति, सेवा नियमावली का प्रख्यापन एवं पदनाम परिवर्तित कर निस्तारित करते हुए आंशिक संशोधन के लिए विस्तार से अवगत कराते हुए एक लाख से अधिक सफाई कार्मिकों के हितों में आदेश निर्गत करने की मांग की है। विभागीय मंत्री ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया कि जल्द ही वह प्रमुख सचिव और निदेशक के साथ बैठक कर सारगर्भित निर्णय लेगें। मंत्री स्वतंत्र प्रभार पंचायती राज को प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि कार्यालय पंचायती राज निदेशालय, उ. प्र.लखनऊ के पत्र संख्या–2६ 2727६ 2025–2६187६2020 06



जून, 2025 में चयनित गठित समिति के कार्यवृत्त में पारित निर्णय में पूर्व में दिये गये तथा निदेशक पंचायती राज विभाग द्वारा प्रमुख सचिव पंचायती राज विभाग को 21 अक्टूबर 2025 को सफाई कर्मियों की पदोन्नति का अवसर प्रदान करते हुए विकास खण्ड स्तर पर सफाई पर्यवेक्षक के पद सृजित किये जाने का प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी दी। ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या–2६शा.६ 35६ 2014–2६34६भाग–1६2008 लखनऊ 06.फरवरी 2014 को भी कार्यवृत्त में सम्मिलित कराने हेतु पुर्नस्थापन,पुर्नविचार करने हेतु प्रत्यावेदन की जानकारी दी गई।उन्होंने बताया कि उपरोक्त संदर्भित विषयक का निस्तारण निदेशक, प्रमुख सचिव द्वारा किया जाना है परन्तु सम्बन्धित उच्चाधिकारी द्वारा प्रकरण जिला पंचायत राज अधिकारी बरेली को प्रेषित कर दिया जाता है। जबकि निदेशक तथा प्रमुख सचिव पंचायत राज द्वारा एक लाख ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाना है। प्रतिनिधि मण्डल ने विभागीय मंत्री से अनुरोध किया ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश के प्रत्येक राजस्व ग्रामों में सफाई कर्मियों की भर्ती शासनादेश संख्या 322६33–3–2008–28, 01 मार्च 2008 के अन्तर्गत की गई थी। वर्तमान में लगभग 1,01,688 सफाई कर्मियों की सेवा को लगभग 17 वर्ष व्यतीत हो जाने के बावजूद भी पदोन्नति एवं सेवानियमावली का लाभ आज तक अनुमन्य नहीं कराया गया है। जबकि आपके द्वारा सफाई कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निदेशक पंचायती राज के कार्यालय के पत्र संख्या–2६5717६2024–2६187६2020, 27 दिसंबर 2024 को पाँच सदस्यीय कमेटी का गठन किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था।

इसके लिए 03फरवरी 2025 को उपरोक्त मांग पूर्ण कराने हेतु चयन कमेटी की संस्तुति सहित आख्या मांगी गई और गठित समिति द्वारा 06 जून 2025 को प्रमुख सचिव पंचायती राज तथा निदेशक को तीन प्रमुख मांगे पदोन्नति (ब्लाक पर्यवेक्षक के दो पद) सेवानियमावली का प्रख्यापन, पदनाम परिवर्तित करते हुए (सफाई कर्मी से पंचायत कर्मी) की संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की गई है। निदेशक द्वारा प्रमुख सचिव को 21 अक्टूबर 2025 को सफाई कर्मियों की पदोन्नति का अवसर प्रदान करते हुए विकास खण्ड स्तर पर सफाई पर्यवेक्षक के पद सृजित किये जाने का प्रस्ताव सहित भेजा जा चुका है। लेकिन अभी तक कोई भी उचित निर्णय नहीं लिया गया है, जिसके कारण सफाई कर्मी संवर्ग दुखी है। यह भी बताया गया कि चयनित गठित समिति द्वारा प्रदेश के कुल 826 विकास खण्डों में प्रत्येक विकास खण्ड हेतु 02–02 पद सफाई पर्यवेक्षक के सृजन के दृष्टिगत कुल 1652 सफाई पर्यवेक्षक के पद विकास खण्ड स्तर पर सृजित करते हुए शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट की जाने की संस्तुति की गई है। जबकि अधिकतर सफाई कर्मियों की शैक्षिक योग्यता साक्षर होने के साथ–साथ हाईस्कूल है। जिससे भविष्य में अधिकतर इन सफाई कर्मियों की पदोन्नति किया जाना असम्भव होगा। अतः इस प्रकार पदोन्नति के विषय में पुर्नस्थापन,पुर्नविचार किया जाना अति आवश्यक है।

# श्रद्धांजलि सभा संग समापन हुआ हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव

## योग, लोकसंस्कृति और जनभागीदारी का अद्भुत संगम

संवाददाता

लखनऊ। आशियाना के स्मृति उपवन प्रांगण में 25 दिनों से आयोजित हिंदुस्तान



हस्तशिल्प महोत्सव का समापन सोमवार की शाम हो गया। इस रंगमंच कार्यक्रम की अंतिम संध्या पर मंच से महोत्सव समिति के पूर्व उपाध्यक्ष दिवंगत विनय दुबे की फोटो प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त करते हुए शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमे महोत्सव समिति अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों एवं दिवंगत विनय दुबे की पत्नी आकांक्षा दुबे सहित सभी अतिथियों एवं आयोजकों ने दो मिनट का मौन व्रत धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। जिसके उपरांत मुख्य अतिथि आनंद द्विवेदी, नगर अध्यक्ष,भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ महानगर एवं अवनीश सिंह पटेल सदस्य विधान परिषद विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता), शैलेंद्र सिंह (भाजपा नेता) विनोद मिश्रा अध्यक्ष अवधी विकास संस्थान,अंबुज पटेल प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल (विधिक) तथा पार्षद सौरभ सिंह मोनू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रणवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया मंच पर उपस्थिति रहे। समापन अवसर पर प्राचीन योग संस्था द्वारा योग की वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परंपरा पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्राचीन योग की स्थापना वर्ष 2017 में विकास सिंह राजपूत एवं दल बहादुर सिंह द्वारा की गई थी।

यह संस्था परंपरागत हठ योग,अष्टांग विन्यास योग एवं विन्यास फ्लो योग के साथ–साथ साधनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक ध्यान पद्धतियों पर आधारित योग शिक्षा प्रदान करती है। प्राचीन योग द्वारा आसन, प्राणायाम एवं ध्यान के साथ–साथ बाल योग, सभी आयु वर्ग के लोगों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा सके। संस्थान के प्रतिभाशाली छात्र साक्षी चौधरी, आलोक कुमार सिंह, करिश्मा सिंह बाफिला, इन्द्रसेन यादव एवं निधि वर्मा विभिन्न मंचों एवं टीवी कार्यक्रमों के माध्यम से योग के विषय में अवगत करा रहे हैं। रंगारंग सांस्कृतिक संध्या में आ जा नच नच ले... अनुष्का शर्मा ने नृत्य कर समां बांधा। वही शांभवी सिंह ने क्लासिकल डांस कर दर्शकों को आकर्षित किया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में सूचना विभाग लखनऊ से संबद्ध फोक मीडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष यादव एवं उनके सहयोगियों द्वारा अवधी,भोजपुरी लोकगीतों एवं लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। "दुश्मन मिले सवेरे लेकिन मतलबी यार ना मिले", "दुनिया बड़ा हरजाई", "गवना कराओ" जैसे लोकप्रिय लोकगीतों के साथ समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। युगल गीत संतोष यादव एवं नीतू सिंह द्वारा प्रस्तुत किए गए, वहीं नीतू सिंह द्वारा गाए गए अवधी,भोजपुरी गीतों ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के समापन अवसर पर अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं योग आधारित कार्यक्रम भारतीय परंपरा,लोकसंस्कृति एवं स्वस्थ जीवनशैली को जन–जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के अंत में अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रणवीर सिंह, हेमू चौरसिया, शक्ति सिंह अधिवक्ता,मोनालिसा, रोली सिंह, पवन सिंह चौहान एवं रोली जयसवाल आदि ने सभी अतिथियों, कलाकारों, योग प्रशिक्षकों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया और अगले वर्ष पुनः मिलने का वादा भी किया। मंच का संचालन विजय गुप्ता ने किया।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च की ऑल न्यू हेक्टर

संवाददाता

लखनऊ। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज ऑल–न्यू एमजी हेक्टर के लॉन्च की घोषणा की। यह एसयूवी सेगमेंट में बोल्ड डिजाइन, बेजोड़ आराम, अग्रणी तकनीक और डायनामिक ड्राइविंग अनुभव के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। आज यहां चिनहट स्थित एमजी मोटर्स के शोरूम में ऑल–न्यू एमजी हेक्टर की लांचिंग के मौके पर मि. रवि मित्तल, डायरेक्टर स्ट्रैटजिक प्रोजेक्ट्स, जेएसडब्लू एमजीआई, रजनीश अग्रवाल, डायरेक्टर, बीआर एमजी,, आरिफ खान, सेल्स हेड, बीआर एमजी, मि. आलोक मिश्रा, सर्विस हेड बीआर एमजी मौजूद थे। पेश की गयी ऑल–न्यू हेक्टर में नया फ्रंट और रियर बंपर डिजाइन है। साथ ही बिल्कुल नया ग्रिल, नए अलॉय व्हील्स और दो नए रंग सेलेडॉन ब्लू और पर्ल व्हाइट शामिल हैं। इसके इंटीरियर्स में 5–सीटर वेरिएंट के लिए ड्यूल टोन आइस ग्रे थीम और 6 व 7–सीटर वेरिएंट्स के लिए ड्यूल टोन अर्बन टैन थीम दी गई है। यह केबिन को और अधिक प्रीमियम व आकर्षक बनाती है।



ऑल–न्यू एमजी हेक्टर रेंज की शुरुआती कीमत 11.99 लाख रुपए (केवल सीमित इकाइयों के लिए) है। लॉन्च के अवसर पर अनुराग मेहरोत्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, हेक्टर हमारा पहला नेमप्लेट था और जल्द ही यह एमजी ब्रांड का पर्याय बन गया। आज तक 1. 5 लाख से अधिक ग्राहकों ने इसे पसंद किया है। ऑल–न्यू एमजी हेक्टर के साथ हम इसके डिजाइन, कम्फर्ट और टेक्नोलॉजी को और ऊंचे स्तर पर ले जा रहे हैं। हमारा मानना है कि उन्नत मोबिलिटी कुछ लोगों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। ऑल–न्यू हेक्टर टेक्नोलॉजी को और अधिक लोकप्रिय बनाते हुए प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगा।" ऑल–न्यू एमजी हेक्टर में नया औरा हेक्स ग्रिल दिया गया है, जो मजबूती और सटीकता का प्रतीक है। इसके साथ फ्रंट और रियर में नए औरा स्कल्प्ट बंपर्स हैं, जो हर एंगल से एक मस्क्युलर और आत्मविश्वासी स्टांस देते हैं। औरा बोल्ट अलॉय व्हील्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे खड़े–खड़े भी ताकत और स्टाइल का एहसास कराएं।

# ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ने सुनीं जनता की समस्याये

## जनसमस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शर्मा

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों ने नगर विकास, ऊर्जा एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें मंत्री श्री शर्मा के समक्ष रखीं। श्री शर्मा ने प्रत्येक प्रकरण को ध्यानपूर्वक सुना और तत्काल निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान समस्याओं का संज्ञान लेते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जनहित से जुड़े मामलों में जनता को त्वरित राहत देना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर औरैया से आए एक मामले में मंत्री ने ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण से दूरभाष पर वार्ता की। मामले को जनहित में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए, जिससे नागरिक को शीघ्र समाधान मिल सके। प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई सरकार, जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए ताकि समय सीमा के भीतर समाधान हो सके ।

# लखीमपुर खीरी में वेलनेस टूरिज्म का नया अध्याय

## शारदा बैराज को मनमोहक बनाने की योजना:जयवीर

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड यूपीईटीडीबी ने लखीमपुर खीरी स्थित शारदा बैराज को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। बोर्ड ने इस परियोजना के लिए एजेंसी चयन प्रक्रिया की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य शारदा बैराज को एक बिल्कुल नए एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में प्रस्तुत करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान तेज रफ्तार जिंदगी में लोग फिर से प्रकृति, आयुर्वेद और वेलनेस आधारित जीवन शैली की ओर लौट रहे हैं। इसी बदलते रुझान को देखते हुए उत्तर प्रदेश में एक सुदृढ़ एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करना समय की मांग बन चुका है। हमारा उद्देश्य राज्य के प्रमुख प्राकृतिक स्थलों को आधुनिक वेलनेस सुविधाओं से जोड़कर ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां पर्यटकों को बेहतर स्वास्थ्य, शांति, प्राकृतिक और आध्यात्मिक अनुभव, सब कुछ एक ही जगह मिल सके।उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की योजना के तहत चयनित एजेंसी को भूमि उपलब्ध कराई जाएगी तथा यहां आवास एवं वेलनेस सेंटर का विकास किया जाएगा। चयनित एजेंसी सुविधाओं की योजना, डिजाइनिंग, निर्माण, वित्त पोषण और संचालन से संबंधित सभी कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगी। पर्यटकों तथा परियोजना परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी चयनित एजेंसी पर होगी। बोर्ड संबंधित विभागों से समन्वय में सहयोग प्रदान करेगा। इस परियोजना को ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस ओएंडएम के तहत आगे बढ़ाया जाएगा।इस परियोजना के लिए प्रारंभिक अवधि 15 वर्ष तय की गई है, 15 वर्ष के अतिरिक्त विस्तार का विकल्प उपलब्ध रहेगा। यूपीईटीडीबीप्रत्येक पांच वर्ष में एजेंसी के प्रदर्शन की समीक्षा करेगा और निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई का अधिकार रखेगा। परियोजना के लिए किसी भी प्रकार का पूंजी अनुदान उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। आवास और वेलनेस सुविधाओं का संचालन चयनित एजेंसी द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए वार्षिक प्रीमियम भुगतान मॉडल लागू रहेगा। इस परियोजना में प्रीफैब्रिकेटेड संरचनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। लखीमपुर का शारदा बैराज अनोखे और बहुआयामी पर्यटन केंद्र के रूप में तेजी से विकसित होने जा रहा है, जहां वेलनेस टूरिज्म की शांति और वाइल्ड लाइफ का रोमांच साथ मिलकर पर्यटकों को नया अनुभव देगा। घरेलू ही नहीं, विदेशी पर्यटकों की बढ़ती आमद से यह क्षेत्र इनबाउंड टूरिज्म का उभरता हुआ नया हॉटस्पॉट बनेगा।प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि शारदा बैराज को वेलनेस, वन्यजीव और प्राकृतिक अनुभवों के एक अद्भुत संयोजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक आकर्षक और सस्टेनेबल डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। निदेशक पर्यटन ईको पुष्प कुमार के. ने बताया कि शारदा बैराज में वेलनेस आधारित टूरिज्म का यह मॉडल उत्तर प्रदेश में सस्टेनेबल विकास और गुणवत्ता युक्त पर्यटन सुविधाओं की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। परियोजना से स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा, रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और राज्य का पर्यटन ढांचा वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित होगा।

# नमामि कृष्णम ने नृत्य के जरिए कर्तव्य, सत्य और कर्म का महत्व बताया

लखनऊ। भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अग्रणी सांस्कृतिक संस्था घृताक्षी संगीतशाला के तत्वावधान में आज शाम अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में आयोजित नमामि कृष्णम ने नृत्य के जरिए कर्तव्य, सत्य और कर्म का महत्व बताया। संगीत से सजे कार्यक्रम में मुस्कान खत्री के नृत्य निर्देशन में दिव्या, अरु, वंदिता सहित अन्य कलाकारों ने गुरूर ब्रह्मा गुरूर विष्णु पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर अपने गुरू के चरणों में अगाध श्रद्धा अर्पित की। गुरू नमन के उपरान्त रेयांशा, पूर्वी, मेधा, रश्मि, श्रद्धा, छवी,नीरज और आकृति ने नीर भरन कैसे जाऊं और मधुवन में राधिका नाची रे पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अगले सोपान में मुस्कान खत्री ने हे परमेश्वर पर अपनी नृत्य प्रस्तुति से ईश्वर की महिमा का बखान किया। इसी प्रकार मृदुल और अक्षय लांबा ने कृष्ण–सुदामा चरित्र का भावाभिनय प्रस्तुत किया।मन को मोह लेने वाली इस पेशकश के उपरान्त घृताक्षी संगीतशाला के कलाकारों ने महाभारत लघु नृत्य नाटिका के जरिए भगवान श्री कृष्ण के बताये कर्तव्य, सत्य और कर्म का महत्व समझाया।

नमामि कृष्णम ने नृत्य के जरिए कर्तव्य, सत्य और कर्म का महत्व बताया

लखनऊ। भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अग्रणी सांस्कृतिक संस्था घृताक्षी संगीतशाला के तत्वावधान में आज शाम अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में आयोजित नमामि कृष्णम ने नृत्य के जरिए कर्तव्य, सत्य और कर्म का महत्व बताया। संगीत से सजे कार्यक्रम में मुस्कान खत्री के नृत्य निर्देशन में दिव्या, अरु, वंदिता सहित अन्य कलाकारों ने गुरूर ब्रह्मा गुरूर विष्णु पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर अपने गुरू के चरणों में अगाध श्रद्धा अर्पित की। गुरू नमन के उपरान्त रेयांशा, पूर्वी, मेधा, रश्मि, श्रद्धा, छवी,नीरज और आकृति ने नीर भरन कैसे जाऊं और मधुवन में राधिका नाची रे पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अगले सोपान में मुस्कान खत्री ने हे परमेश्वर पर अपनी नृत्य प्रस्तुति से ईश्वर की महिमा का बखान किया। इसी प्रकार मृदुल और अक्षय लांबा ने कृष्ण–सुदामा चरित्र का भावाभिनय प्रस्तुत किया।मन को मोह लेने वाली इस पेशकश के उपरान्त घृताक्षी संगीतशाला के कलाकारों ने महाभारत लघु नृत्य नाटिका के जरिए भगवान श्री कृष्ण के बताये कर्तव्य, सत्य और कर्म का महत्व समझाया।

# गंदगी व सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान, हजारों का जुर्माना वसूला

संवाददाता

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार गंदगी फैलाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को नगर निगम की टीमों ने शहर के विभिन्न जोनों में एक साथ कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालान की कार्रवाई की। जोन–1 में गंदगी एवं कूड़ा फैलाने के मामलों में जोनल अधिकारी ओपी सिंह के नेतृत्व में जोनल सेनेटरी अधिकारी कुलदीपक तथा एसएफआई सुनील वर्मा की टीम ने लालबाग क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान कई बड़े दुकानदारों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। नावेल्टी सिनेमा के सामने स्थित शर्मा चाय पर गंदगी फैलाने के आरोप में 5,000 रुपये, द ग्लोब कैफे पर 10,000 रुपये, केवल चाय पर 20,000 रुपये तथा सरदार छोले भटूरे पर 5,000 रुपये का चालान किया गया। कुल मिलाकर इस अभियान में 10 दुकानदारों पर 47,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जोन–2 में जोनल सेनेटरी अधिकारी रामसकल यादव के नेतृत्व में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार कुशवाहा, देवेंद्र कुमार वर्मा तथा 296 की टीम के साथ लेबर कॉलोनी एवं कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड में एमआईएस चौराहे के आसपास अतिक्रमण, गंदगी और प्लास्टिक के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान 20 दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर 6 चालान कर 7,500 रुपये तथा अतिक्रमण व गंदगी फैलाने पर 9 चालान कर 9,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।

# महाराणा प्रताप के वंशज डा. लक्ष्यराज सिंह द्वारा फीना में पुष्पांजलि

संवाददाता

लखनऊ। फीना के शोधकर्ता एवं इतिहासकार हेमंत कुमार ने बताया कि फीना गांव



का राजस्थान से गहरा जुड़ाव है। सन 1545 के आसपास राजस्थान मूल के राजा अमरजीत सिंह चौहान ने फीना को पुनर्स्थापित किया था। राजस्थान में जन्मे विख्यात लोकदेवता जाहरवीर गोगाजी ने फीना में पड़ाव डाला था। जो आज नीले घोड़े की दूब नामक स्थान के रूप में जाना जाता। खेड़े पर इनका मंदिर भी बना है। फीना जिले का अग्रणी सांस्कृतिक गांव है यहां से बड़ी संख्या में लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया। इन बातों के दृष्टिगत महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह यहां रुके। इस आशय का एक अभिनंदन पत्र भी डॉ. लक्ष्यराज सिंह को भेंट किया गया। डॉ. लक्ष्यराज सिंह प्रसन्न दिखाई दिए और उन्होंने परम्पराओं तथा संस्कृति से जुड़े रह कर शिक्षित और संगठित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर धीरेश बहादुर राजपूत, अशोक कुमार शास्त्री, ममता राजपूत, अतुल चौहान, हेमंद्र सिंह चौहान, नैतिक आदि मौजूद रहे।, नूरपुर चांदपुर क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव फीना में शाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने बेल वाला चौक पर स्थित कारगिल शहीद नायक अशोक कुमार की प्रतिमा तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक कीर्ति स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। मेरा गांव मेरा अभिमान की ओर से नरेश वत्स एवं सार्वजनिक आर्य इंटर कॉलेज की ओर से प्रबंधक मनोज कुमार राजपूत की अगुवाई में डॉ. लक्ष्यराज सिंह और उनके साथ आए दल का भव्य स्वागत किया गया। विधायक अशोक राणा और बड़ी संख्या में फीनावासी उपस्थित रहे। डॉ. लक्ष्यराज सिंह का टीका लगाकर तथा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। एक तलवार भी भेंट की गई, उन्होंने पौधरोपण भी किया। इस अभिनंदन के बाद डॉ. लक्ष्यराज सिंह ग्राम मोरना तथा धामपुर के लिए प्रस्थान कर गए। पश्चिम उत्तर प्रदेश में उनका यह पहला भ्रमण था।

# जनरल कोच में वेंडर समझकर की झोले की चेकिंग, अंदर निकले 38.20 लाख रुपये

संवाददाता

कानपुर। कालका मेल में अवैध वेंडरों की तलाश कर रहे आरपीएफ जवानों को ट्रेन के जनरल कोच में 25 वर्षीय युवक हाथ में झोला लिए नजर आया। जवानों ने उसे वेंडर समझकर झोला चेक किया तो अंदर एक बैग में 38.20 लाख रुपये रखे मिले। पुलिस ने युवक को नकदी समेत हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। रुपयों के दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत न कर पाने पर आरपीएफ ने आयकर विभाग को सूचना दी। टीम ने नकदी जब्त कर जांच शुरू की है।



कानपुर सेंट्रल स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसएन पाटीदार ने बताया कि मंडल स्तर पर गठित वैंडर ड्राइव टीम सोमवार को विभिन्न ट्रेनों में चेकिंग कर रही थी। हावड़ा से कालका जाने वाली कालका मेल स्टेशन पर रुकी तो जवान उसमें चढ़ गए। जनरल कोच में चेकिंग के दौरान युवक 38.20 लाख रुपये की नकदी के साथ मिला। पूछताछ करने पर वह घबरा कर गोल-मोल जवाब देने लगा। बैग में 500, 200, 100 रुपये के नोटों की 36 गड्डियां थीं।

युवक ने बताया कि वह फतेहपुर खेसहन, गाजीपुर का रहने वाला मनीष द्विवेदी है। फतेहपुर के किराना दुकानदार अभिषेक गुप्ता के यहां नौकरी करता है। दुकान मालिक ने कानपुर में एक नारियल वाले को भुगतान करने के लिए रुपये भेजे थे लेकिन वह नकदी के संबंध में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। सूचना पर आयकर इंस्पेक्टर अमरेंद्र कुमार और अवधेश गुप्त आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। मनीष से अकेले में पूछताछ की। मनीष को नकदी सहित अपने साथ ले गए। बताया कि मालिक मंगलवार को दफ्तर आएंगे, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फ्रेंचाइजी के नाम पर 10.13 लाख की साइबर ठगी,मुकदमा दर्ज

संवाददाता

कानपुर। साइबर ठगों ने नामी बड़ी फूड कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर शहर के एक युवक से 10 लाख 13 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित को शुरुआत में लाभ का भरोसा दिलाया गया,लेकिन जब सेटअप शुल्क के नाम पर आठ लाख रुपये और मांगे गए,तब उसे ठगी का एहसास हुआ। शिकायत के बाद साइबर क्राइम सेल की जांच पर कल्याणपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।जीटी रोड स्थित रघुनाथ एन्क्लेव निवासी आशुतोष शर्मा के मुताबिक 10 फरवरी 2025 को उनके मोबाइल पर एक कॉल आई।फोन करने वाले ने खुद को नामी बड़ी फूड कंपनी का अधिकारी बताते हुए फ्रेंचाइजी का प्रस्ताव दिया।ठग की बातों और इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी से आशुतोष को प्रस्ताव विश्वसनीय लगा।इसके बाद ठगों के कहने पर उन्होंने तीन किस्तों में रकम ट्रांसफर कर दी।13 फरवरी को स्वीकृति शुल्क के नाम पर 88,500 रुपये,20 फरवरी को फ्रेंचाइजी शुल्क बताकर 3,24,500 रुपये और 24 फरवरी को अनुबंध शुल्क के रूप में 6 लाख रुपये भेजे गए।यह पूरी राशि नागपुर स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के एक खाते में जमा कराई गई। 25 फरवरी को ठगों ने सेटअप शुल्क के नाम पर आठ लाख रुपये और मांगे।संदेह होने पर जांच की गई तो खाता किसी कंपनी का न होकर निजी व्यक्ति के नाम पाया गया।इसके बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस का कहना है कि बैंक खातों और कॉल डिटेल के आधार पर ठगों की तलाश की जा रही है।

# आर्थिक और सामाजिक रूप से सुदृढ़ बनने हेतु शासन की योजनाओं का लें लाभ : प्रतिभा शुक्ला

संवाददाता

कानपुर देहात। उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को बड़ौदा स्वरोजगार संस्थान आलमचंद्रपुर अकबरपुर में किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभाग के माध्यम से बेरोजगार व शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को स्वयं का उद्योग स्थापित किए जाने हेतु प्रोत्साहित व जागरूक किया जाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उप्र सरकार, प्रतिभा शुक्ला शासन द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। साथ ही कार्यक्रम में आये आगंतुकों व सहभागियों को उद्योग की स्थापना किए जाने हेतु राज्यमंत्री द्वारा मार्गदर्शन दिया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक उद्बोधन के साथ सरकार की संकल्पना और सभी कामगार युवाओं हेतु प्रशिक्षण और रोजगार की स्थापना के बारे में बताया।कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, टूलकिट वितरण आदि योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों द्वारा उनके विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में भी ब्लॉक में आए हुए ग्राम प्रधानों एवं अधिक संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों व प्रशिक्षार्थु को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपायुक्त एनआरएलएम गंगाराम, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार अग्निहोत्री, निदेशक आरसेटी मयंक कटियार, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा राकेश कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को रोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अंकिता वरिष्ठ सहायक शिवेन्द्र सिंह, टोनी सक्सेना, पंकज कुमार, निखिल मिश्रा, योगेन्द्र, दीपक, शिवम् सहित सभासद अंकित त्रिवेदी, गुड्डू मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

# नहर किनारे विधवा महिला का शव मिलने से सनसनी

संवाददाता

हमीरपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के वरदहा गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई। जब नहर किनारे एक विधवा महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतका के गले पर स्पष्ट रूप से चोट व दबाव के निशान पाए गए हैं,जिससे गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई।मृतका की पहचान फूलन देवी निषाद (35) के रूप में हुई है।उनकी शादी करीब 16 वर्ष पूर्व वरदहा गांव में हुई थी। दो वर्ष पूर्व पति की मृत्यु के बाद वह अपने दो पुत्रों की परवरिश कर रही थीं।उनके एक पुत्र की उम्र 8 वर्ष और दूसरे की उम्र करीब 15 वर्ष बताई जा रही है। मां की संदिग्ध मौत से दोनों बच्चे सदमे में हैं।मृतका के पिता रामदास,निवासी सहजना गांव, ने बताया कि सोमवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी का शव नहर किनारे पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने शव के आसपास घसीटने के निशान देखे।जिससे यह प्रतीत होता है कि हत्या किसी अन्य स्थान पर कर शव को नहर किनारे फेंका गया है।उन्होंने घटना को सुनियोजित हत्या बताते हुए पुलिस को तहरीर दी है।और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।सूचना मिलते ही सदर कोतवाली नगर प्रभारी पवन पटेल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया।जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू की।शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक नामजद संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहनता से जांच कर रही है।मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।गांव में घटना को लेकर दहशत और आक्रोश का माहौल है।

# सरकार से मांगे मनवाने को मुख्यालय में आ डटी सैकड़ों आशाएं

संवाददाता

कानपुर देहात। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में उस समय बड़ा असमंजस का माहौल हो गया, जब बिना कोई पूर्व सूचना के पल्स पोलियो महाभियान से विरत रहकर जनपद के सभी दसों ब्लॉक में कार्यरत सैकड़ों की तादात में आशा कार्यकत्रियां सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाने के लिए परिसर में बैठ गई। हालांकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके सिंह ने संज्ञान लेते हुए तत्काल उनसे वार्ता की और उच्चाधिकारियों को परिस्थितियों से अवगत कराया। हालांकि आशा कार्यकत्रियों ने बताया कि उनका संगठन उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन, जो कि ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियन एक्टू से संबद्ध है, द्वारा प्रदेश में आशा कर्मियों की प्रोत्साहन राशियों के लंबित भुगतान और उनकी वर्षों से उठाई जा रही मांगों के प्रति उदासीनता के कारण विगत 26 नवंबर को प्रदर्शन करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया था और यूनियन ने यह निर्णय लिया था कि 15 दिसंबर को अनिश्चितकालीन राज्यव्यापी हड़ताल का नोटिस भी दिया जाएगा। अपनी मांगों के संबंध में आशा और आशा संगीनियों ने बताया कि कई माह के आधार भुगतान राज्य प्रदत्त अनुतोष राशि, प्रोत्साहन राशियों और राष्ट्रीय अभियानों के बकाया प्रतिफल और पारिश्रमिक की अदायगी, सरकारी कर्मचारी का दर्जा और न्यूनतम वेतन लागू करना इपीएफ, ईएसआई का सदस्य बनाया जाने, सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी का भुगतान सुनिश्चित करने, 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 50 लाख का जीवन बीमा सुनिश्चित करने, कार्य की सीमा तय किए जाने, न्यूनतम वेतन लागू होने तक अन्य समस्त कार्यों की उत्प्रेरण राशियों का निर्धारण नियमित और पारदर्शी ढंग से भुगतान किए जाने, भ्रमण यात्रा भत्ता दिए जाने, मोबाइल और तेज इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी के सिम उपलब्ध कराए जाने, गोल्डन आयुष्मान कार्ड और आभा परिचय पत्र के सृजन में किए गए योगदान का भुगतान किए जाने, विभिन्न दुर्घटनाओं में मृतक आशा, आशा संगिनी के परिजनों को अनुमन्य दो लाख की बीमित राशि और 10 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में आशिकों को भुगतान किए जाने, किसी अप्रिय स्थिति पर आशाओं को पूर्ण सहयोग प्रदान किए जाने, लैंगिक उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए जीएस कैश का गठन और कमेटियों में आशा संगीनियों को प्रतिनिधित्व दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार तक अपनी बात पहुंचाने हेतु शांतिपूर्ण धरना दिया। उन्होंने कहा कि मजबूरी में पल्स पोलियो अभियान को छोड़कर हमें अपनी मांग सरकार तक पहुंचाने के लिए कदम उठाना पड़ा है। उक्त संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समाचार पत्र को बताया कि आशाओं की अपनी मांग है, जिसे वह अपने तरीके से सरकार तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत है। किंतु यह तरीका पूर्णतया गलत है। इन मांगों और समस्याओं के समाधान के संबंध में सरकार और शासन के निर्देशों के बिना कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता। हालांकि उनके द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन को कार्यालय से शासन को प्रेषित कर दिया गया है। अब इस संबंध में सरकार और निदेशालय द्वारा दिए गए निर्णय की प्रतीक्षा की बात कहकर उन्होंने आशाओ को समझाते हुए वापस अपने काम पर जाने तथा पल्स पोलियो महा अभियान को त्वरित गति से सरकार की मंशानुरूप संचालित करने का अनुरोध किया। किंतु आशाएं अपनी यूनियन द्वारा दिए गए निर्देशों पर वहां डटी रहीं।आशाओं ने कहा कि समस्त विभागीय योजनाओं के संचालन में कहने को तो उनको विभाग की रीढ़ कहा जाता है किंतु अब यह रीढ़ और यह उपयोगी कड़ी कितनी कमजोर होती जा रही है इस पर भी सरकार को ध्यान देना आवश्यक है।

# आशा और आशा संगिनी कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

संवाददाता

औरैया। प्रदेश में कार्यरत आशा और आशा संगिनी कर्मियों ने अपने वर्षों से लंबित भुगतान और अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है।कर्मियों का कहना है कि वर्ष 2019 से लेकर 2025 तक के आधार भुगतान, राज्य प्रदत्त अनुतोष राशि, विभिन्न राष्ट्रीय अभियानों की प्रोत्साहन राशि तथा अन्य प्रतिफल अब तक बकाया हैं। कई बार ज्ञापन,धरना और लोकतांत्रिक तरीकों से आवाज उठाने के बावजूद फोटो 15 एयूआर सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा उनकी मांगों को लगातार अनसुना किया गया। आशा संगठन का आरोप है कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के अंतर्गत गोल्डन आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी निर्माण में उनके वर्षों के योगदान के बावजूद लगभग 225 करोड़ रुपये की राशि का एक भी भुगतान नहीं किया गया।6 अक्टूबर को मुख्यमंत्री और 13 अक्टूबर को स्वास्थ्य मंत्री को सौंपे गए।मांग पत्र में 30 अक्टूबर तक सभी बकायों के भुगतान और वार्ता की मांग की गई थी लेकिन न तो भुगतान हुआ और न ही कोई वार्ता बुलाई गई।कर्मियों की प्रमुख मांगों में उन्हें मानद स्वयंसेवक के बजाय सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना,न्यूनतम वेतन लागू करना, ईपीएफ-ईएसआई की सुविधा, सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी,स्वास्थ्य व जीवन बीमा,बेहतर कार्यदशा, नियमित और पारदर्शी भुगतान प्रणाली,यात्रा भत्ता या स्कूटी, आधुनिक मोबाइल व इंटरनेट सुविधा तथा दुर्घटना में मृत कर्मियों के परिजनों को मुआवजा शामिल है। इस दौरान दो दर्जन से अधिक आशा कर्मी मौजूद रहे।

# पालिका परिसर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

संवाददाता

पुखरायां,कानपुर देहात। नगर पालिका परिषद के कैंपस में पुष्पा देवी चौरिटेबल चिकित्सालय एवं जिला अंधता निवारण समिति कानपुर द्वारा नेत्र चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कानपुर से आई नेत्र चिकित्सक डॉ सौम्या द्विवेदी ने मरीजों की आंखों की जांच की।कैंप का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष पूनम दिवाकर द्वारा किया गया।जिसमें कस्बे के निवासियों को बिना किसी खर्च के सम्पूर्ण नेत्र परीक्षण के साथ योग्य नेत्र विशेषज्ञों से साथ निःशुल्क परामर्श मिला।इसके साथ नेत्र में विकारों के लिए सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता के बारे में मार्गदर्शन भी दिया गया।कैंप में आए मरीजों की में आंखों से पानी आना,मोतियाबिंद,ग्लूकोमा और अपवर्तक त्रुटि जैसी संभावित समस्याओं की जांच की गई।

# बड़ौदा आरसेटी में वृक्षारोपण कर राज्य मंत्री ने प्रशिक्षुओं को बांटे प्रमाण पत्र

संवाददाता

कानपुर देहात। बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आलमचंद्रपुर में चल रहे एफएलसीआरपी के 6 दिवसीय प्रशिक्षण के पूर्ण होने पर राज्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास व पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्रों का वितरण कर उज्जवल भविष्य का शुभाशीष दिया। वहीं बड़ौदा आरसेटी में आयोजित जिला खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के जागरूकता कार्यक्रम में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की लोक हितकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त राज्य मंत्री ने आरसेटी परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश अग्निहोत्री, अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश कुमार, निदेशक आरसेटी मयंक कटियार, उपायुक्त स्वतः रोजगार गंगाराम, एफएलसी उन्नाव बी एन शुक्ला,वरिष्ठ पत्रकार डॉ अनूप सचान, बाबू सिंह कटियार, गुड्डू मिश्रा, गुड्डू दिवाकर, अंकित परमार, अशोक त्रिवेदी एवं अन्य मौजूद रहे। निदेशक आरसेटी मयंक कटियार ने आरसेटी में होने वाले विभिन्न निशुल्क प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा यह भी बताया किस प्रकार कोई भी बेरोजगार अपना स्वरोजगार शुरू कर सकता है।

राज्यमंत्री ने सरकार की अनेक रोजगार परक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उपस्थित अभी युवाओं को रोजगार के लिए प्रेरित भी किया। अंत में आरसेटी से प्रशिक्षित सफल उद्यमियों आकांक्षा सिंह,पार्थ मिश्रा,राजकुमार एवं रोहित को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# किसी भी वृद्धजन को न हो कोई असुविधा-सीडीओ

संवाददाता

मैनपुरी। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने सोमवार को जनपद के वृद्धाश्रम का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी करने पर केयर टेकर द्वारा अवगत कराया कि वर्तमान में लगभग 100 वृद्ध निवासरत् हैं,जिसमें 61 महिलायें तथा शेष पुरूष हैं,आश्रम में निवास कर रहे सूरजभान गुप्ता, जगदीश,कप्तान सिंह,चन्द्रवती, मुन्नीदेवी,कुसुम आदि वृद्धजनों से उनकी समस्याओं एवं वृद्धाश्रम में प्राप्त हो रही सुविधाओं आदि के सम्बन्ध में जानकारी की गयी,उक्त के साथ ही अन्य वृद्धजनों से भी उनको उपलब्ध हो रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी कर समस्त वृद्धजनों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं पर सन्तोष व्यक्त किया,नाश्ते के सम्बन्ध में जानकारी करने पर आश्रम में निवास करने वाली वृद्धा रामबेटी ने बताया कि आज नाश्ते में सूजी का हलवा मिला था,भूदेवी से उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी करने पर उनके द्वारा स्वास्थ्य ठीक होना बताया गया किन्तु वह काफी कमजोर दिखाई दे रही थीं,उन्हें भली प्रकार से भोजन करने तथा प्रसन्न रहने हेतु प्रेरित किया गया, कुसुम की ऑखों का आपरेशन हुआ था इसलिए उन्हें सावधानी बरतने की सलाह दी गयी।उन्होने केयर टेकर को निर्देशित करते हुये कहा कि आश्रम परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, वृद्धाश्रम में प्रतिदिन सही प्रकार से सफाई करायी जाये,किसी भी वृद्धजन को कोई असुविधा न हो, उन्हें समय से सुबह का नाश्ता दोपहर-शाम का भोजन गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराया जाये, सर्दी से बचाव हेतु वृद्धाश्रम में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें।वृद्धाश्रम के सम्बन्ध में जानकारी करने पर सचिव,प्रबन्धक कमलेश कुमारी ने बताया कि आश्रम में कुल 16 कर्मचारियों का स्टॉफ है।जिसमें आश्रम अधीक्षिका, लेखाकार,स्टोर कीपर,केयरटेकर तथा गार्ड आदि कर्मचारी तैनात है।

# उड़ीसा से गांजा लाकर बेचने वाले 3 गिरफ्तार

कन्नौज। पुलिस ने गांजा तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह उड़ीसा के जरिये कानपुर में माल लाकर जमा करता और आसपास के जिलों में खपाता था।पकड़े गये तस्करों के पास से करीब तीन लाख रुपये कीमत का 25 किलो गांजा बरामद हुआ है।जिले की सर्विलांस टीम को मुखबिर के जरिये सदर कोतवाली क्षेत्र के दो युवकों के बारे में जानकारी मिली की दोनों कानपुर के अपने एक साथी के साथ ट्रेन के जरिये उड़ीसा से गांजा लाते हैं और उसे जिले में फुटकर में तीन गुना दाम पर खपाते हैं। मुखबिर की सूचना पर सर्विलांस टीम ने एसओजी की मदद से तीनों पर नजर रखना शुरू कर दिया।सोमवार को गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के मझपुर्वा गांव के पास तीनों शातिर एक रिक्शे पर बोरी में गांजा लेकर जा रहे थे।पहले से तीनों पर नजर रख रही एसओजी ने मौका देखकर सब को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने बोरी खोलकर चेक किया तो उसमें गांजा भरा हुआ था। टीम ने बिना देरी किये गांजा जब्त कर तीनों को हिरासत में ले लिया। एसपी विनोद कुमार का कहना हैं की तीनों कानपुर में कहां माल रखते थे इसकी जानकारी जुटा कानपुर में माल स्टोर करने वाले को भी जल्द हिरासत में लिया जाएगा।पकड़े गये गाज तस्करों में कन्नौज के ताजपुर नौकास्त का निहाल,विजेंद्र और कानपुर के चकेरी का अरुण कुमार है।

# संतों का एकाकार कराएगा श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्तः महेंद्र प्रताप

संवाददाता

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति को लेकर चल रहे आंदोलन को नई ऊर्जा उस समय मिली, जब आनंद बाजार धाम सेवा ट्रस्ट, राधाकुंड में साधु-संतों की बैठक में एकजुट स्वर सुनाई दिया। बैठक में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने आंदोलन को मजबूती देने का आह्वान करते हुए संत-समाज में जोश और संकल्प का संचार किया। साथ ही साधु संतों को मंदिर निर्माण की शपथ भी दिलाई।बैठक लगभग एक घंटे तक चली।कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णदास जी महाराज ने की, जबकि संचालन डॉ.अरुण शास्त्री ने किया।बैठक में ब्रज क्षेत्र के अनेक प्रमुख साधु-संत उपस्थित रहे।महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर समय-समय पर आघात किए गए हैं और आज भी हिंदू समाज को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे में एकता ही सबसे बड़ी शक्ति है।उन्होंने विश्वास जताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि अवश्य मुक्त होगी और भगवान श्रीकृष्ण के मूल गर्भगृह स्थल पर भव्य मंदिर का निर्माण होकर रहेगा।वृंदावन के संत पंडित श्यामानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि हिंदू समाज की आस्था का केंद्र है और इसे प्राप्त करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। आनंद बाजार धाम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष इंद्रनीलमणि दास जी महाराज ने कहा कि संत-समाज पूरी मजबूती के साथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास और उसके अध्यक्ष के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सभी की भावना मूल गर्भगृह स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण को लेकर एक समान है।

अध्यक्षीय संबोधन में कृष्णदास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण हिंदू समाज के आराध्य हैं और उनकी जन्मभूमि की मुक्ति आस्था और अस्मिता से जुड़ा विषय है।बैठक में विपिन बिहारी, केशव दास महाराज, रूपानुगा दास,माधव बाबा सहित अनेक साधु-संत मौजूद रहे।

# इग्नू परीक्षा केंद्र का उपनिदेशक ने किया निरीक्षण

संवाददाता

पुखरायां कानपुर देहात। कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित हो रही दिसंबर 2025 सत्र की सत्रांत परीक्षा का उपनिदेशक डॉ रीना कुमारी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की जांच की तथा समन्वयक डॉ पर्वत सिंह प्राचार्य डॉ हरीश कुमार सिंह और अन्य स्टाफ सदस्यों से बातचीत की। परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देशों संग उन्होंने जानकारी दी कि इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र के लिए सभी स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में रि- रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर दिए हैं। जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2025 वार्षिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है उनके लिए 15 जनवरी 2026 तक रि-रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है, ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने जुलाई 2025 सत्र में सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम जैसे एमबीए एमसीए , बीसीए आदि कोर्स में दाखिला लिया है उनको अपने अगले सेमेस्टर में रि- रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। री-रजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर दिए गए लिंक ऑनलाइन पहदवन.ब.पद के माध्यम से रि- रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इग्नू द्वारा सभी विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि अपना रजिस्ट्रेशन स्वयं ही अपने मोबाइल फोन अथवा कंप्यूटर कैसे के माध्यम से दाखिले के समय जो यूजर आईडी और पासवर्ड बनाया था उसी का प्रयोग करके विद्यार्थी रि-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। यदि विद्यार्थियों को किसी भी तरह की कोई समस्या आती है तो इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं अथवा इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की rclucknou@ignou-ac-in ईमेल भेज सकते हैं।रि- रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करने के8 अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 है।

# महिला आयोग की सदस्य सुनेंगी महिलाओं की समस्याएं

संवाददाता

औरैया। जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि उ0प्र0राज्य महिला आयोग की सदस्या अनीता गुप्ता द्वारा विकास भवन सभागार में दिनांक 17 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर,महिला जनसुनवाई महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से बैठक एवं चौपाल आयोजित की जायेगी।अतः उपरोक्त सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित महिला उत्पीड़न के प्रकरणों पर की गयी कार्यवाही की अद्यतन स्थिति सहित उपरोक्त बैठक में समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# गौ तस्कर मवेशियों से लदी गाड़ी के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

वाराणसी। वाराणसी जिले के थाना लंका पुलिस ने 3 अंतर्राज्यीय सरगना गिरफ्तार, अभियुक्तों से 4 राशि गोवंश (2 गायें, 2 बछड़े), महिंद्रा पिकअप (सफेद, नंबर UP 65 PT 8631) और बिना नंबर की



4 गोवंश . 2 वाहन जब्तवाराणसी, 15 दिसंबर 2025– पुलिस कमिश्नरेट के श्ऑपरेशन चक्रव्यूहश के तहत थाना लंका पुलिस ने रविवार रात 11:55 बजे लौटूवीर अंडरपास से मलहिया की ओर सर्विस लेन पर चेकिंग के दौरान 3 अंतर्राज्यीय गौ तस्करों को धर दबोचा। मुखबिर सूचना पर कार्रवाई में गिरफ्तार सफेद महिंद्रा स्कॉर्पियो बरामद हुई।मुकदमा दर्ज थाना लंका पर मु0अ0म0–0521/2025 धारा 3/5(A)/5(B)/8 गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज। उ0नि0 गौरव कुमार ने फर्द दर्ज कराई, जांच उ0नि0 सैकेंद्र प्रसाद कर रहे हैं।गिरफ्तार अभियुक्तरूअभिषेक यादव (19 वर्ष), मिसिरपुर, थाना रोहनिया, वाराणसीविजय यादव उर्फ टिल्लू (23–27 वर्ष), छिमिया घाना मुगलसराय, चंदौलीमोहम्मद अफरोज शाह (23–26 वर्ष), सुलतानपुर रामनगर, थाना रामनगर, वाराणसीपूछताछ में खुलासारू अभियुक्तों ने बताया कि वे गोवंश को बिहार ले जाकर बेचते थे। अभिषेक ने कबूला, स्कॉर्पियो से रेकी करते थे, पिकअप से गाय–बछड़े लादकर बिहार बॉर्डर तक ले जाते। अच्छे पैसे मिलते थे, जिंदगी चलती थी।ष सुबह ही एक ट्रिप पूरी कर वापस लादकर आ रहे थे जब पकड़े गए।पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देशन में अपराध रोकथाम अभियान जारी। आगे की विधिक कार्रवाई चल रही है।

# दो बच्चों की मां ने लगाई फांसी, 14 साल पहले हुई थी शादी

वाराणसी। वाराणसी के जैतपुरा के बागेश्वरी देवी क्षेत्र में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस समय महिला हिमांगी जायसवाल (35) ने फांसी लगाई उस समय घर में उसकी पैरालाइज्ड सास और छोटी बहन निचले तल पर मौजूद थी। सूचना पर पति दुकान से पहुंचा और उसे पड़ोसियों की मदद से कबीरचौरा अस्पताल पौने 11 बजे सुबह लेकर पहुंचा जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची जैतपुरा पुलिस ने शव को अस्पताल में ही कब्जे में ले लिया और मॉर्च्युरी में रखवाकर उसके मायके राजाबाजार, चित्रकूट फोनकिया। देर शाम चित्रकूट से वाराणसी पहुंचे मायका पक्ष की मौजूदगी में पंचनामा भरा गया। शव का पोस्टमॉर्टम सोमवार को होगा। वहीं शादी के 14 साल बाद विवाहिता की सुसाइड से क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं हैं। महिला हिमांगी जायसवाल की सुसाइड के बाद पति आशीष जायसवाल ने बताया रविवार का दिन था। सुबह अपने दोनों बच्चे अंश जायसवाल (12) और अबीरा जायसवाल (7) को तैयार करके दादा के साथ मंदिर भेजा था। उसके बाद मैं अपनी सड़क पर स्थित दुकान पर चला गया। उस समय सुबह का 10.30 बजा था।

11 बजकर 15 मिनट पर छोटी बहन का फोन आया कि जल्दी घर आओ भाभी फंदे पर लटकी है। आशीष ने बताया घर पहुंचा तो हिमांगी अपने कमरे में तीसरे फ्लोर पर फांसी के फंदे से झूल रही थी। उसे किसी तरह उतारा और पड़ोसियों की मदद से कबीरचौरा अस्पताल ई रिक्शे से लेकर गया। जहां डॉक्टर्स ने ईसीजी किया और उसे मृत घोषित कर दिया।

# डीएम द्वारा जल जीवन मिशन की परियोजना की समीक्षा,दिये निर्देश

लखीमपुर खीरी। जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों



व कार्यदायी संस्थाओं की अहम बैठक ली। साफ शब्दों में डीएम ने कहा कि जहां पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां प्रत्येक दशा में 22 दिसंबर तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करें।डीएम ने निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में वितरण प्रणाली का कार्य पूरा हो चुका है, उनकी ज्वाइटिंग टेस्टिंग कर 22 दिसंबर तक जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। संचालन से जुड़ी शिकायतों को टॉप प्रायोरिटी पर लेते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए गए। डीएम ने दो टूक कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की फ्लैगशिप योजना है, इसमें ढिलाई, लापरवाही और बहानेबाजी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। फील्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण, योजनाओं की वास्तविक प्रगति की रिपोर्ट और जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए डीएम ने संकेत दिए कि तय समयसीमा में परिणाम न देने वालों पर कार्रवाई होगी।डीएम ने अफसरों से कहा कि लक्ष्य सिर्फ निर्माण पूरा करना नहीं, बल्कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, ताकि ग्रामीणों का भरोसा बना रहे।बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अविनाश गुप्ता, कार्यदायी संस्था एनसीसी के मोहम्मद जमाल, वीटीएल–गाजा के प्रियांशु, सहायक अभियंता प्रभाकर समेत संबंधित अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसान गोष्ठी में उन्नतशील बीजों की दी गयी जानकारी

संवाददाता

वाराणसी। वाराणसी जनपद के पिंडरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा राजपुर नयापुरा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी के माध्यम से डॉक्टर सीड्स कंपनी द्वारा उन्नतशील फूलगोभी एवं अन्य सब्जी फसलों की नवीन किस्मों की जानकारी दी गई।



कंपनी के सेल्स ऑफिसर आशीष सिंह ने किसानों को बीजों की गुणवत्ता, उत्पादन क्षमता, रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा सही बुवाई के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उन्नत बीजों के प्रयोग से कम लागत में अधिक उत्पादन संभव है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और प्रश्नोत्तर के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इस तरह की जानकारीपरक गोष्ठियों को लाभकारी बताते हुए भविष्य में भी आयोजन की मांग की।

# पेंशन पुनरीक्षण की मांग पर उरई में पेंशनर्स का प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट परिसर में धरना, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

उरई/जालौन। केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के टर्म ऑफ रेफरेंस में ओल्ड पेंशन धारकों के पेंशन पुनरीक्षण सहित अन्य लंबित पेंशनरी समस्याओं को शामिल कराने की मांग को लेकर सोमवार को जालौन के उरई कलेक्ट्रेट परिसर में कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर्स का विशाल धरना–प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह धरना ऑल इंडिया राज्य पेंशनर्स फेडरेशन, सेवानिवृत्त कर्मचारी–शिक्षक समन्वय समिति उत्तर प्रदेश एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संयुक्त आह्वान पर किया गया। धरना सभा की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष हरगोविन्द दयाल श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता डॉ. रामप्रकाश द्विवेदी द्वारा किया गया। धरना सभा को संबोधित करते हुए महिला पदाधिकारियों प्रभा शुक्ला, राजेश कुमारी श्रीवास्तव, हेममाला, स्नेहलता मिश्रा, शोभा शर्मा, कुंती देवी, रामजानकी व रामदेवी ने कहा कि अब समय आ गया है जब बुंदेलखंड की महिलाओं को अपनी पेंशन और सम्मान की रक्षा के लिए झांसी की रानी की तरह संघर्ष के लिए आगे आना होगा। उन्होंने केंद्र सरकार की पेंशन विरोधी नीतियों की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पेंशन कोई भीख नहीं, बल्कि जीवनभर की सेवा का अधिकार है। अंगद सिंह राजावत, मान सिंह लोधी, रामेश्वर दयाल कुशवाहा, लखनलाल अहिरवार सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि आठवें वेतन आयोग में ओल्ड पेंशन धारकों के पेंशन पुनरीक्षण को शामिल न करना प्रदेश और देश के करोड़ों पेंशनर्स के साथ गंभीर अन्याय है। इसी के विरोध में 'पेंशन बचाओ आंदोलन' की शुरुआत की गई है, जिसके तहत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारियों के माध्यम से भेजा जा रहा है। जिलाध्यक्ष हरगोविन्द दयाल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि आठवें वेतन आयोग के टर्म ऑफ रेफरेंस में "नॉन–कॉन्ट्रीब्यूटरी पेंशन स्कीम की अनटाइड फंडिंग कॉस्ट" जैसी पंक्ति जोड़कर सरकार पेंशन को लेकर भ्रम पैदा कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कर्मचारियों का पेंशन फंड जमा है तो उसे कहां उपयोग किया जा रहा है। पेंशनर्स अपने अधिकारों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे।

## सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिक जल्द करा लें अपने पंजीयन का नवीनीकरण : एएलसी

कानपुर देहात। सहायक श्रमायुक्त राम अशीष ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सचिव, उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा नवीनीकरण हेतु निर्माण श्रमिकों को जागरूक किए जाने के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाया जाने के निर्देश दिये गये है। ऐसे सभी निर्माण श्रमिक, जिन्होने 4 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नही कराया है, उन्हें पोर्टल पर निष्क्रिय सूची में रखा जायेगा। निष्क्रिय सूची के श्रमिकों की गणना पंजीकृत निर्माण श्रमिकों मे नही की जाएगी। ऐसी स्थिति में पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वंचित हो जायेगे।

# पत्रकार अभिजीत की मौत पर पत्रकारों ने निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के पलिया थाना क्षेत्र के पत्रकार अभिजीत मिश्रा रजत की मौत पर शोक जताते हुए कस्बें में सोमवार को पत्रकारों ने कैंडल मार्च निकाला, पत्रकारों ने पीड़ित के परिजनों को आर्थिक मदद की मांग करते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट मौन रखा।



नीमगांव कस्बें में सोमवार को स्थानीय पत्रकारों कस्बें के सदर चौराहा पर एकत्र होकर कैंडल मार्च निकाला व शोक व्यक्त कर सभी पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान अपराध संवाददाता/लेखक प्रांशु वर्मा,पंकज गौतम मितौली,प्रदीप मिश्रा,अंकित दीक्षित ,कुलदीप विश्वकर्मा, सुंदरलाल यादव,अनूप वर्मा, अभिषेक वर्मा, जसकरन लाल चौहान आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## 17 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट मनाया जायेगा पेंशनर दिवस

लखीमपुर खीरी। पेंशनरों की समस्याओं और सुझावों को सीधे प्रशासन तक पहुँचाने का अवसर मिल रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में 17 दिसंबर, बुधवार को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में 'पेंशनर दिवस' का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में पेंशनर एवं पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे और उन्हें अपने पेंशन से संबंधित मुद्दों को रखकर समाधान पाने का मौका मिलेगा। जनपद के संबंधित विभागों के कार्यालयाध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित रहकर पेंशनरों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करेंगे।

# महाराजा सल्हीय पर विवादित बयान पर सांसद ने जताया विरोध सौंपा ज्ञापन

लखीमपुर खीरी। अर्कवंशी युवा एकता मंच के उत्तर प्रदेश सचिव राजू अर्कवंशी के नेतृत्व



में सोमवार को मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी के ऊपर संसद भवन में विवादित टिप्पणी की उसी संबंध में तहसीलदार पलिया को भारत की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। सांसद ने जो संसद भवन में बोला है उस रिकॉर्डिंग को डिलीट करवाया जाए और अर्कवंशी समाज से वो माफी मांगे नहीं तो अर्कवंशी समाज एक बड़े आंदोलन के लिए वाद्य होगा उसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगा रिंकू अर्कवंशी ,आरती अर्कवंशी, विकास अर्कवंशी, अरविंद अर्कवंशी, विजय अर्कवंशी, वालेस अर्कवंशी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड में विधायक ने जरुरतमंदो को बांटे कम्बल

वाराणसी। कड़ाके की ठंड को देखते हुए पिण्डरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा हिरावनपुर स्थित प्राणनाथ इंटर कॉलेज परिसर में विधायक डॉ. अवधेश सिंह द्वारा असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ठंड से बचाव हेतु वितरित किए जा रहे कंबल जरूरतमंदों को राहत प्रदान करेंगे और "सबका साथ, सबका विकास" के संकल्प को साकार करते हैं। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी पिण्डरा प्रतिभा मिश्रा, नायाब तहसीलदार राधेश्याम यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जालौन में लगेंगे विशेष शिकायत शिविर,सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान

उरई/जालौन। जालौन में प्रशासन गांव की ओर राष्ट्रव्यापी अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सोमवार को विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई। इसमें भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित सुशासन सप्ताह 2025 के तहत अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी कि इस विशेष अभियान के तहत 19 से 25 दिसंबर 2025 तक एक सप्ताह के लिए जनसमस्या निस्तारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर तहसील मुख्यालयों और ग्राम पंचायत स्तर पर लगेंगे। इन शिविरों का प्राथमिक लक्ष्य आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे शासन और नागरिकों के बीच विश्वास और सुदृढ़ हो सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत सरकार की केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली (CPGRAMS) और राज्य सरकार के आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक मामले का समाधान निर्धारित समय–सीमा के भीतर होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने ऑनलाइन सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित ऑनलाइन सेवाओं की संख्या बढ़ाई जाए और प्राप्त आवेदनों का त्वरित तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सुशासन के क्षेत्र में जनपद द्वारा किए गए नवाचारों को तस्वीरों सहित पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि जिले की सकारात्मक छवि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत हो सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक अधिकारी लोक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण से संबंधित कम से कम एक सफलता की कहानी प्रस्तुत करे, जिससे सुशासन की भावना को और अधिक बल मिले। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

# ट्रक की चपेट से युवक की मौत

बाराबंकी। नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित सोमैया नगर चौकी के अंतर्गत सोमवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। मृतक की पहचान बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तिलरन निवासी सत्यम सिंह पुत्र अमर सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, सत्यम सिंह किसी निजी कार्य से सोमैया नगर आया था। इसी दौरान एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सत्यम सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी।

# विश्व हिंदू महासंघ प्रभारी ने गौशाला का किया निरीक्षण

बांदा। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा के प्रदेश प्रभारी प्रवीण कुमार दुबे ने बांदा जिले के नरैनी ब्लॉक स्थित दुबरिया ग्राम पंचायत की अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान, श्री दुबे ने ग्राम प्रधान अजीजुल हक उर्फ सोनी से गौशाला की व्यवस्थाओं और गोवंश के रख–रखाव के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने गोवंश के लिए पौष्टिक आहार के पैकेट भी वितरित किए। प्रदेश प्रभारी ने ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि ठंड के मौसम को देखते हुए गोवंश के लिए पर्याप्त चारा, पानी और ठंड से बचाव के समुचित इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष शिवाजी और बदौसा नगर अध्यक्ष विपिन कुमार रावत सहित नगर की पूरी टीम उपस्थित रही।

# कोंच रेलवे स्टेशन रोड पर कार स्टंट, लोगों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

उरई/जालौन। जालौन जिले में यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। कोंच नगर के व्यस्ततम इलाके रेलवे स्टेशन रोड पर एक युवक द्वारा तेज रफ्तार कार से की गई खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश और दहशत दोनों देखने को मिल रही है। यह स्टंट न केवल कानून की अवहेलना है, बल्कि आमजन की जान के लिए भी बड़ा खतरा बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेलवे स्टेशन के पास स्थित इस मार्ग पर दिनभर यात्रियों, राहगीरों और ऑटो–रिक्शा व दोपहिया वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में एक कार सवार युवक ने बीच सड़क पर अचानक तेज रफ्तार कार दौड़ाते हुए खतरनाक स्टंट दिखाए। कभी रफ्तार बढ़ाकर, तो कभी अचानक मोड़ काटते हुए कार दौड़ती देख राहगीरों में अफरा–तफरी मच गई। कई लोग जान बचाने के लिए सड़क किनारे भागते नजर आए, जबकि कुछ पल के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया।

इस पूरी स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार यह वीडियो "चौधरी जी आरडीएक्स" नाम की इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट की गई रील है, जिसे अमन नाम का युवक संचालित करता है। वीडियो में युवक खुलेआम यातायात नियमों की अनदेखी करता दिखाई दे रहा है, जिससे उसकी लापरवाही और गैर–जिम्मेदाराना रवैये की पुष्टि होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की स्टंटबाजी किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। रेलवे स्टेशन रोड जैसे भीड़–भाड़ वाले क्षेत्र में इस तरह की हरकतें आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। लोगों ने प्रशासन और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी युवक इस तरह मौत से खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके। यह मामला जालौन के कोंच कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अब सवाल यह उठ रहा है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कब और कैसे होगी।

# भारत ने पाकिस्तान को 90 रन से हराकर ग्रुप–ए में बढ़त बनाई

एजेंसी

दुबई। दुबई में खेले गए अंडर–19 एशिया कप मुकाबले में भारत और पाकिस्तान की पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता एक बार



फिर देखने को मिली, जहां भारतीय युवा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को बड़े अंतर से शिकस्त दी। मौजूद जानकारी के अनुसार, ग्रुप–ए के इस अहम मैच में भारत ने पाकिस्तान को 90 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

बता दें कि बारिश के कारण यह मुकाबला 50 की जगह 49–49 ओवर का कर दिया गया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 46.1 ओवर में 240 रन बनाए। टीम के लिए नंबर तीन पर उतरे आरोन जॉर्ज ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए 85 रनों की अहम पारी खेली। कप्तान आयुष म्हात्रे ने तेजतर्रार अंदाज में 25 गेंदों पर 38 रन जोड़े, जबकि ऑलराउंडर कनिष्क चौहान ने 46 रन बनाकर स्कोर को मजबूत आधार दिया। गौरतलब है कि पाकिस्तान के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने दबाव में संयम बनाए रखा और प्रतिस्पर्धी स्कोर तक टीम को पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए शुरुआती तीन विकेट झटक लिए, जिससे पाकिस्तान बैकफुट पर चला गया। इसके बाद कनिष्क चौहान ने भी गेंद से प्रभावी योगदान देते हुए तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।

पाकिस्तान की ओर से हुजैफा अहसान ने अकेले संघर्ष किया और 70 रन की पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास सहयोग नहीं मिला। जैसे ही उनका विकेट गिरा, मैच पूरी तरह भारत के पक्ष में चला गया। आखिर में पाकिस्तान की पूरी टीम 41.2 ओवर में 150 रन पर सिमट गई। इस मुकाबले में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी बल्ले से भले ही बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन उन्होंने गेंद से कप्तान फरहान यूसुफ का महत्वपूर्ण विकेट लिया और एक शानदार कैच भी लपका। बता दें कि यह जीत भारत को ग्रुप–ए में शीर्ष स्थान पर ले जाती है और नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह लगभग सुनिश्चित कर देती है। मौजूद हालात को देखते हुए जानकार मानते हैं कि भारतीय अंडर–19 टीम का यह संतुलित प्रदर्शन आगे के मुकाबलों में भी उन्हें मजबूत दावेदार बनाता है और युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा हैं।

# मेस्सी का मुंबई आना मुंबई और भारत के लिए एक सुनहरा पल है :सचिन तेंदुलकर

एजेंसी

मुम्बई। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के मुंबई दौरे को शहर और देश के लिए एक सुनहरा पल बताया। तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 2011 क्रिकेट विश्व कप की जीत की तुलना मेस्सी के दौरे से की जो अपने इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ पहुंचे।

तेंदुलकर ने भारत की वनडे विश्व कप जीत का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें उन्होंने बड़ी भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा, ''मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। जैसा कि हम कहते हैं, मुंबई सपनों का शहर है। और इस जगह पर कई सपने पूरे हुए हैं। और आपके समर्थन के बिना, हम 2011 में इस मैदान पर उन सुनहरे पलों को कभी नहीं देख पाते।''



उन्होंने कहा, ''और आज, इन तीन महान हस्तियों का यहां होना वाकई मुंबई, मुंबईवासियों और भारत के लिए एक सुनहरा पल है। जिस तरह से आपने खेल के इन तीनों महान खिलाड़ियों का स्वागत किया है, वह सच में कमाल का है।''

मेस्सी के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, ''जहां तक 'लियो' (मेस्सी) की बात है तो अगर मुझे उनके खेल के बारे में बात करनी है तो यह सही मंच नहीं होगा। और आप जानते हैं, उनके बारे में कोई क्या बात करे? उन्होंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हम सच में उनकी लगन, दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता की तारीफ करते हैं।''

उन्होंने कहा, ''और सबसे बढ़कर उनकी विनम्रता की, वह जिस तरह के इंसान हैं। और मुंबईवासियों और भारतीयों की ओर से, मैं उन्हें और उनके परिवार को अच्छे स्वास्थ्य और आप सभी को खुशी की शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यहां आने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक बार फिर धन्यवाद।''तेंदुलकर ने यह भी उम्मीद जताई कि 'भारत भी उस ऊंचाई तक पहुंचेगा जिसकी हम सभी (फुटबॉल में) ख्वाहिश रखते हैं।' तेंदुलकर ने मेस्सी को अपने हस्ताक्षर की हुई 10 नंबर की जर्सी भेंट की। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी ने बदले में एक फुटबॉल भेंट की। मेस्सी दोपहर विश्व कप स्तर की सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुंबई पहुंचे जो उनके चार शहरों के जीओएटी भारत दौरे 2025 का दूसरा दिन था। वह सोमवार को नयी दिल्ली में अपना दौरा खत्म करेंगे जहां वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे।

## फॉर्म में नहीं हैं सूर्या–गिल, फिर भी अभिषेक शर्मा बोले– ये ही बनाएंगे भारत को विश्व कप विजेता

दक्षिण अफ्रीका पर तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी टीम की जीत के बाद, भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाजों सूर्यकुमार यादव, कप्तान और उप–कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा कि ये दोनों अगले साल आईसीसी टी20 विश्व कप में और उससे पहले खिताब बचाव के लिए होने वाली द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में भी भारत को जीत दिलाने में मदद करेंगे। शानदार गेंदबाजी और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने प्रोटियाज पर 2–1 की बढ़त हासिल कर ली, लेकिन भारतीय कप्तानी जोड़ी रनों के लिए संघर्ष करती रही। गिल ने सिर्फ 28 रन बनाए और मैच पूरा नहीं कर पाए, वहीं सूर्यकुमार यादव ने एक बार फिर धीमी गति से 11 गेंदों में 12 रन बनाए, जिसमें दो चौके शामिल थे।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शर्मा ने इन दोनों खिलाड़ियों पर, खासकर अपने पंजाब के साथी खिलाड़ी गिल पर भरोसा जताया, जिनके साथ उन्होंने आयु वर्ग के क्रिकेट के दिनों से काफी क्रिकेट खेला है। शर्मा ने दावा किया कि मैं मीडिया से साफ–साफ कह रहा हूं यकीन मानिए ये दोनों खिलाड़ी (सूर्या और गिल) हमें टी20 विश्व कप में और उससे पहले की सीरीजों में जीत दिलाएंगे। मैं इनके साथ लंबे समय से खेल रहा हूं खासकर शुभमन के साथ।

उन्होंने आगे कहा कि इसलिए, मुझे पता है कि गिल किस तरह का मैच जिता सकते हैं, किस तरह की परिस्थितियों में, चाहे टीम कोई भी हो।ष इसलिए, मुझे शुरू से ही उन पर बहुत भरोसा है, और मुझे उम्मीद है कि जल्द ही सभी इसे देखेंगे और उन पर भरोसा करेंगे। इस साल 20 मैचों और 18 पारियों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने मात्र 213 रन बनाए हैं, जिनका औसत 14.20 और स्ट्राइक रेट बेहद खराब 125.29 है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 47' है।

सूर्यकुमार का इस साल का औसत एक कैलेंडर वर्ष (कम से कम 200 रन) में दूसरा सबसे खराब है, जो 2022 में रवांडा के क्लिंटन रुबागुम्या के 12.52 के औसत से पीछे है, और सभी टेस्ट खेलने वाले देशों में सबसे खराब है। यह एक कैलेंडर वर्ष (कम से कम 10 पारियां) में किसी भारतीय द्वारा टी20 में दूसरा सबसे खराब औसत भी है, जो अक्षर पटेल (2022 में 11.62) से पीछे है।

## भारत ने जीता स्क्वाश वर्ल्ड कप 2025 का खिताब, पीएम मोदी और अमित शाह ने दी बधाई

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्क्वैश विश्व कप में इतिहास रचने और पहली बार खिताब जीतने पर भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी। पीएम मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह के समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। भारत ने रविवार को चेन्नई में शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग को 3–0 से हराकर अपना पहला विश्व कप खिताब जीता। यह जीत स्क्वैश विश्व कप में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग है, जो 2023 संस्करण में कांस्य पदक के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पार कर गई है।



पीएम मोदी ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत देश को प्रेरित करेगी और युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने X पर कहा कि एसडीएटी स्क्वैश विश्व कप 2025 में इतिहास रचते हुए अपना पहला विश्व कप खिताब जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को हार्दिक बधाई! जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह ने अद्भुत समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है। उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।

भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा और खिताब जीतने के रास्ते में एक भी मैच नहीं हारी। ग्रुप चरण में, भारत ने स्विट्जरलैंड और ब्राजील पर 4–0 से जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3–0 से हराया। फिर उन्होंने सेमीफाइनल में मौजूदा दो बार की चौंपियन मिस्र को 3–0 से हराकर चौंका दिया। रविवार को, 79वीं रैंकिंग वाली अनुभवी खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने महिला एकल के पहले मैच में विश्व नंबर 37 ली का यी (7–3, 2–7, 7–5, 7–1) पर 3–1 से जीत के साथ भारत के अभियान की शुरुआत की। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह, जो विश्व नंबर 29 पर भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी हैं, ने विश्व नंबर 42 एलेक्स लाउ (7–1, 7–4, 7–4) पर सिर्फ 19 मिनट में 3–0 से जीत हासिल करके बढ़त को और मजबूत किया। अमित शाह ने एक्स पर कहा कि पहले स्क्वैश विश्व कप में जीत हासिल करने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई, आपने देश के लिए एक गौरवशाली इतिहास रचा है। आपने जिस अदम्य खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को भी हराया है, वह हमारी नई प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## डीएम ने बेसिक शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण किया,बीएसए समेत कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले

संवाददाता

श्रावस्ती। श्रावस्ती डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने सोमवार सुबह 10.25 बजे बीएसए कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका, अभिलेखों के रख–रखाव और परिसर की साफ–सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण में कार्यालय में गंदगी और अव्यवस्थित सामान पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन से पता चला कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित थे। अनुपस्थित रहने वालों में जिला समन्वयक गजेंद्र तिवारी, प्रणव त्रिपाठी, नीलम कुमारी, कौशलेन्द्र शुक्ला, प्रतीश श्रीवास्तव, रमेश कुमार त्रिपाठी शामिल थे। इनके अलावा, वरिष्ठ सहायक विश्राम वर्मा और राकेश कुमार तिवारी, कनिष्ठ सहायक अनिरुद्ध कुमार शुक्ला और कंप्यूटर ऑपरेटर रागिनी शर्मा भी मौके पर नहीं मिले। जिलाधिकारी ने समय पर कार्यालय में उपस्थित न रहने वाले इन कर्मचारियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने और अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालय समय का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में रखे अभिलेखों, विद्यालयों से प्राप्त प्रगति रिपोर्ट, नामांकन, मिड–डे मील, साक्षरता और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं से संबंधित फाइलों की भी जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अभिलेख अद्यतन और सुव्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखे जाएं तथा समय–समय पर विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से उन्हें अवगत कराया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले में गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करना सभी की साझा जिम्मेदारी है।

## भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा,डीएम ने अधिग्रहण कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

संवाददाता

बहराइच। बहराइच जिले मे संचालित योजनाओं के भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा के लिए



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता/सर्वेयर एन.ई.आर. द्वारा जरवल–बहराइच की प्रस्तावित नई रेल लाइन योजना को पी.पी.टी. माध्यम से दिखाया तथा योजना संबंधी ग्रामों का विवरण प्रस्तुत किया गया योजना में जिले के 62 ग्रामों की भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा। डीएम श्री त्रिपाठी ने बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन के बहराइच सेक्शन में प्रभावित 05 ग्रामों की परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन उपलब्ध कराने हेतु वन विभाग को कडे निर्देश दिये गये तथा एन.एच.ए.आई. के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि जो भूमि वन विभाग के नाम होनी है उसका प्रस्ताव उपजिलाधिकारी नानपारा को उपलब्ध करा दिया जाय। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि योजना प्रभावित सभी जिन 62 ग्राम में 3डी का प्रकाशन हो गया है उनके राजस्व अभिलेख खसरा खतौनी आदि सक्षम प्राधिकारी को 01 सप्ताह में उपलब्ध कराये। बैठक में उपस्थित प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. प्रशांत बाजपेयी द्वारा जनपद मे प्रस्तावित गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर की जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा बताया गया कि कारीडोर के निर्माण हेतु बहराइच, कैसरगंज, महसी तहसील के कुल 54 ग्रामों की भूमि प्रभावित होगी। प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्ति करने तथा सभी 54 ग्रामों के राजस्व मैप उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को निर्देशित किया की गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर हेतु सक्षम प्राधिकारी नामित किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की जाये तथा ग्राम के राजस्व मैप उपलब्ध कराये जाये। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को बहराइच बाईपास के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।समीक्षा बैठक में नगर मजिस्ट्रेट बहराइच, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता रेलवे गोरखपुर, तहसीलदार महसी, नायब तहसीलदर नानपारा, सहायक अभियंता सिचाई विभाग खण्ड–5, सर्वेयर वन विभाग, अधिशासी अभियंताध्सर्वेयर एन.ई.आर. व प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. बहराइच उपस्थित रहे।

# गोपाल नीना फाउण्डेशन नेपाल द्वारा वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

### 67वीं रक्तदान श्रृंखला में चार महिला समेत 57 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता

बहराइच। रुपड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपालगंज उप महानगर पालिका,नेपालगंज में रक्तदान जीवनदान" नारा के साथ जनमत की 67 वी श्रृंखला में सम्पन्न रक्तदान कार्यक्रम में 4 महिला सहित 57 लोगों ने रक्तदान किया ,गोपालदृनीना फाउण्डेसन नेपाल और जनमत अर्द्ध साप्ताहिक द्वारा नेपालगन्ज में रक्तदान कार्यक्रम कार्यक्रमआयोजन किया गया ए"रक्तदान जीवनदान" महान उद्देश्य के साथ जनमत अर्द्ध साप्ताहिक की रजत उत्सव के अवसर पर बीस साल पहले से निरन्तर रुप में संचालन करते आयी "त्रैमासिक जनमत रक्तदान कार्यक्रम की 67 वीं श्रृंखला में स्वयम्सेवी नियमित रक्तदाताओं में नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता समाज बाँके अध्यक्ष दिला शाह, कोषाध्यक्ष मनमोहन वर्मा, नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता राप्ती सोनारी गाँव पालिका उप–समिति के सलाहकार तथा वार्ड नं.6 के अध्यक्ष लवराज खरेल, निरज मान श्रेष्ठ, लक्ष्मण प्रसाद वैश्य, उर्दू साहित्यकार असफाक संघर्ष जसगढ, पवन कुमार प्रसाद वैश्य, गौतम प्रसाद पौडेल रहे हैं । वह रक्तदान कार्यक्रम के लिये डिजिटल हेल्थ पार्टनर हेल्थ याद आयो (मोवाइल हेल्थ एप), अन्नपूर्ण ग्याष्ट्रो केयर अस्पताल, नेपाल स्वयम्सेवी रक्तदाता समाज, बाँके, कला कृति सेभेल क्याफे, लगायत



ने समन्वय और सहकार्य करते आयी है इसी क्रम में रक्तदान करनेवालों में स्वास्थ्य कर्मी टिकाराम खनाल, गंगन सिंह थापा, नेपाल रेडत्रस सोसाइटी बाँके शाखा के वरिष्ठ प्रशासकीय अधिकृत निरंजन मल्ल, कार्यक्रम अधिकृत प्रहलाद विश्वकर्मा, रक्त प्राविधिकों में होमराज गिरी, महेश राना क्षेत्री, संजय बढही ने रक्तदान किया ऐसे ही गोपाल–नीना फाउण्डेसन नेपाल के रिसर्च अफिसर अनिल खनाल, कमलेश कुमार कर्ण, पंकज आले, रामबहादुर चौधरी, राम प्रसाद चौधरी, सरोज कुमार चौधरी, दिनेश थापा, महेन्द्र चौधरी, राममिलन कोरी, डिनजेल अछामी, मनोज दहित, राजकुमार चौधरी, नबिन न्यौपाने, प्रदीप ज्ञवाली, युवराज कुनवाल, सन्तोष भुषाल, दिपक कुमार जायसवाल, नितेश जायसवाल, दिनेश कुमार तमोली, भरत बहादुर कार्की, विष्णु चौधरी, बाबुराम विश्वकर्मा, विनोद कुमार तमोली, राजित बुढाथोकी, दिक्षा थापा, बिमु अधिकारी, डा. सबिन अधिकारी, डा. लोकेन्द्र कुँवर, अर्जुन केसी, याम खत्री राम प्रसादअधिकारी, खगेन्द्र ठकुरी, रुस्तम अली दर्जी, प्रतिक रेग्मी, सुवोध कुमार जोशी, मुना केसी, अनिल कुनाल, जानकी गा.पा. वार्ड नं.6 के पूर्व वडाध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा, आराम्भ वैश्य, सुरज विष्ट, शालिकराम कुर्मी, धमेन्द्र कुमार वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, अर्जुन केसी, रामराज अधिकारी, खगेन्द्र शाही, एकतायुवा क्लब नेपालगन्ज 22के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव रक्तदान किया इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को गोपालदृ नीना फाउण्डेसन नेपाल के संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ पेटरोग विशेषज्ञ डा0 गौरव श्रेष्ठ, फाउण्डेसन के सहदृनिर्देशक डा0 तृप्तीपाल रमण, नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता समाज बाँके अध्यक्ष दिलाशाह, जनमत अर्धसाप्ताहिक के सम्पादक पूर्णलाल चुके, फाउण्डेसन का कप हस्तान्तरण किया। नेपाल रेडक्रस सोसाइटी बाँके शाखाद्वारा सञ्चालित प्रादेशिक रक्त सञ्चार सेवा के होमराज गिरी, सुनिता कुमाई, सन्दिप आचार्य, महेश राना क्षेत्री, महेश दहित, प्रशान्त थारु, सञ्जय बढही और वीरेन्द्र योगी ने प्राविधिक सहयोग किया।रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपालदृनीना फाउण्डेशन के स्वयंसेवकों में दक्षिणा क्षेत्री, रोशनी रानामगर, पवित्रा थापामगर, नगेन्द्र विक्रम शाह, नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता राप्ती सोनारी गाँवपालिका उप–समिति के उपाध्यक्ष अमृता के.सी.और शतक रक्तदाता पवन जायसवाल लगायत लोगों ने सहयोग किया । कार्यक्रम के वीच में फाउण्डेसन के संरक्षक वरिष्ठ फिजीसियन डा0 गोपाल श्रेष्ठ, वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा0नीना श्रेष्ठ, संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ पेटरोग विशेषज्ञ डा0 गौरव श्रेष्ठ और फाउण्डेसन के सहदृनिर्देशक डा. तृप्तीपाल रमण, एविसी स्कूल कक्षा 6 की जेहेन्दार छात्रा काव्या श्रेष्ठ को रु035 हजार रुपये की छात्रवृत्ति हस्तान्तरण किया ।


## मृदुल मुंबई की पार्टियों के बाद गांव पहुंचे, बच्चों को पिज्जा और स्टेशनरी बांटी, कहा– पढ़ाई सबसे जरूरी है



बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट मृदुल तिवारी मुंबई में शो खत्म होने के बाद की पार्टियों में हिस्सा लेने के बाद अब अपने गांव लौट आए हैं। मृदुल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे बच्चों के साथ दिख रहे हैं। इस वीडियो में मृदुल ने बच्चों को पिज्जा खिलाया और उन्हें कॉपी–पेंसिल भी बांटी। साथ ही बच्चों को पढ़ाई पर जोर देने की सीख दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि मृदुल तिवारी अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे। वहां कई बच्चे मौजूद थे। मृदुल ने सभी बच्चों को पिज्जा खिलाया और उनके लिए स्टेशनरी भी रखी। वीडियो में मृदुल बच्चों से कहते दिखाई दे रहे हैं कि पढ़ाई सबसे जरूरी है और इसे कभी न छोड़ें। सोशल मीडिया पोस्ट में मृदुल ने लिखा, "पिज्जा इन्हें भी पसंद है और मुझे भी। मुझे ज्यादा फॉर्मल एजुकेशन नहीं मिल पाई, लेकिन मैं हर दिन खुद को बेहतर बनाने और सीखने की कोशिश करता हूं। शिक्षा किसी भी चीज से ज्यादा जरूरी है।" मृदुल के इस कदम पर फैंस ने उन्हें खूब प्यार और सराहना दी। एक फैन ने लिखा, "निस्वार्थ भाव से किया गया यह उत्कृष्ट कार्य प्रेरणादायक है। आपके प्रयास और सकारात्मक सोच से लोगों को नई दिशा मिल रही है।" दूसरे फैन ने कहा, "एक ही दिल है, कितनी बार जीतोगे मेरे भाई। वहीं, 'बिग बॉस 19' की अन्य कंटेस्टेंट तान्या मित्तल भी चर्चा में हैं। शो के दौरान अपनी अमीरी को लेकर अक्सर विवादों में रही तान्या अब अपने ग्वालियर वाले घर पहुंच गई हैं। उनका घर और परिवार देखकर लोग कह रहे हैं कि तान्या सच में अमीर निकलीं। मृदुल का यह कदम न सिर्फ उनके फैंस के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि बच्चों के लिए भी एक सकारात्मक संदेश लेकर आया है कि पढ़ाई और सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

## करोड़ों की ठगी में जुड़ा फेमस एक्टर का नाम, महाठग के साथी संग बनाई थी ये कंपनी

बॉलीवुड के कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके और लाखों फैंस के पसंदीदा अभिनेता सोनू सूद अब करीब 1500 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस की जांच के दायरे में हैं। जांच में सामने आया है कि सोनू केवल इस कंपनी का प्रमोशन नहीं कर रहे थे, बल्कि ठगी से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत भी उनके खिलाफ पुलिस के हाथ लगे हैं। इस सनसनीखेज मामले ने न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री को बल्कि उनके फैंस को भी चौंका दिया है।



ब्लू म्यूजिक कंपनी का खुलासा

पुलिस के मुताबिक, सोनू सूद ने महाठग रविंद्रनाथ सोनी के साथी सूरज जुमानी के साथ मिलकर "ब्लू म्यूजिक" नामक कंपनी बनाई थी। यह कंपनी थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में पंजीकृत है। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने इसकी पुष्टि की है।

सोनू–सूरज मिलकर कर रहे थे कंपनी का संचालन

कमिश्नर के अनुसार, पहले रविंद्रनाथ सोनी ने दावा किया था कि सोनू सूद केवल कंपनी का प्रमोशन करते थे और इसके बदले उन्हें लगभग डेढ़ करोड़ रुपये फीस मिली थी। लेकिन जांच में सामने आया कि ब्लू म्यूजिक कंपनी का संचालन सोनू सूद और सूरज जुमानी मिलकर कर रहे थे।

बैंक खातों और लेन–देन के सबूत

पुलिस को दोनों के बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेन–देन के सबूत भी मिले हैं। इसके अलावा, लोगों को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने के लिए भी लुभाया गया। अब पुलिस एक बार फिर सोनू सूद को नोटिस भेजकर पूछताछ करेगी।

पहले भी आरोप लगे थे

इससे पहले कई पीड़ितों ने सोनू सूद और रेसलर द ग्रेट खली पर ठगी में शामिल होने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों को नोटिस भेजा था, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। वहीं, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सूरज जुमानी, जो खुद कंपनी से जुड़ा था, ने ठगी की शिकायत पुलिस कमिश्नर से क्यों की।

## बिग बॉस 19 खत्म होने के बाद घर पहुंची तान्या मित्तल, परिवार से मिल रो पड़ीं, रईसी देख हैरान रह गए फैंस

सलमान खान के रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 तान्या मित्तल काफी चर्चा में रहीं। शो में वह कई बार अपने घर की रईसी का बखान करती दिखीं, जिसे लेकर उनका खूब मजाक भी बना। तान्या ने भले ही शो की ट्रॉफी नहीं जीती, लेकिन इसके बावजूद भी वह इंटरनेट सेंसेशन बन गई हैं। हाल ही में तान्या जब बिग बॉस 19 खत्म होने के बाद अपने घर पहुंची तो उनके घर गाड़ियों की लंबी लाइन देख लोग हैरान रह गए। वहीं, इस दौरान वह रोती भी नजर आईं। मौके का वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, बिग बॉस की जर्नी खत्म कर हाल ही में तान्या मित्तल अपने घर पहुंची, जहां उनका ग्रैंड वेलकम हुआ। घर के बाहर महंगी गाड़ियों की लाइन दिखी। उसके बाद अंदर सेलिब्रेशन का नजारा भी दिखा जहां तान्या का स्वागत किया गया। तान्या अपने परिवार से मिलते ही रो पड़ती हैं और मामाजी को गले लगाकर कहती हैं कि उन्होंने जान–बूझकर कुछ चीजें नहीं बोलीं क्योंकि लोग उनका मजाक उड़ाते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है और यूजर्स का कहना है कि ये तो सच में अमीर निकलीं। बिग बॉस से बाहर आते ही तान्या को अपना पहला एक्टिंग असाइनमेंट और एक ऐड फिल्म भी मिल गई है। तान्या एक सैलून सर्विस ब्रांड के ऐड में नजर आईं, जिसमें उन्होंने ब्रांड की कोरियाई ब्यूटी सर्विस का प्रचार किया।



## बहुत गरम चाय और काफी पीने की आदत से गले के कैंसर का खतरा बढ़ सकता

बहुत गरम चाय और कॉफी पीने की आदत से गले के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। एक अध्ययन में पाया गया कि पेय का प्रकार नहीं, बल्कि उसका ज्यादा तापमान इसोफेगस कैंसर का बड़ा कारण बन सकता है।चाय और कॉफी डेली लाइफ का अहम हिस्सा हैं। सुबह की शुरुआत हो या काम के बीच का ब्रेक, अधिकतर लोग चाय–कॉफी पीना पसंद करते हैं। आजकल सर्दियों का मौसम है और इन दिनों तो इनका खूब सेवन किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं आपके पसंदीदा गर्म चाय और कॉफी आपको कैंसर का मरीज बना सकती है?

यूएस नेशनल कैंसर इंस्टीटच्यूट और लंदन के इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर रिसर्च के वैज्ञानिकों ने गंभीर चेतावनी दी है कि जो लोग अपनी सुबह की चाय या कॉफी बहुत ज्यादा गरम पीते हैं, उनमें गले के एक खास कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इस कैंसर को इसोफेगल स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा (मैब्ब) कहा जाता है, जो खाने की नली यानी इसोफेगस से जुड़ा होता है। स्टडी में क्या पाया गया? यह रिसर्च ब्रिटिश जर्नल ऑफ कैंसर में प्रकाशित हुई है। इसमें यूके बायोबैंक के तहत लगभग 4.5 लाख लोगों को 10 साल से ज्यादा समय तक ट्रैक किया गया। शोध में साफ पाया गया कि बहुत गरम पेय पदार्थ पीना इसोफेगल स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा कैंसर का एक बड़ा जोखिम कारक है।शोधकर्ताओं का कहना है कि जो लोग रोजाना 8 कप से ज्यादा बहुत गरम पेय (चाय या कॉफी) पीते थे, उनमें यह कैंसर होने का खतरा उन लोगों के मुकाबले 5.64 गुना ज्यादा पाया गया, जो अपने पेय हल्के गरम या गुनगुने पीते थे। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस अध्ययन के नतीजे साफ तौर पर दिखाते हैं कि यूके जैसे पश्चिमी देशों में भी बहुत गरम पेय पीना इसोफेगल स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा का खतरा बढ़ाता है। उन्होंने लिखा कि यह रिसर्च पहले से दक्षिण अमेरिका और एशिया में हुई स्टडीज को और मजबूत करती है, जिनमें बहुत गरम चाय या अन्य पेय को इस तरह के कैंसर से जोड़ा गया था। इस अध्ययन की सबसे अहम बात यह सामने आई कि कैंसर का खतरा पेय की किस्म से नहीं बल्कि उसके तापमान से जुड़ा होता है। रिसर्च में पाया गया कि चाय और कॉफी पीने वालों में जोखिम लगभग एक जैसा था। यानी दूध हो, चाय हो या कॉफी असल फर्क इस बात से पड़ता है कि पेय कितना ज्यादा गरम पिया जा रहा है।रिसर्च में यह भी सामने आया कि जिन लोगों ने जितने कप गर्म चाय–कॉफी पीते हैं, उन्हें हर कप के साथ मैब्ब का खतरा बढ़ता गया जबकि बहुत ज्यादा गर्म पेय पीने वालों में यह जोखिम कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ा। 11.6 साल के दौरान करीब 4.55 लाख लोगों में 242 मामले कैंसर के पाए गए।शोधकर्ताओं के मुताबिक इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर पहले से ही बहुत गरम पेय को लेकर चेतावनी जारी कर चुका है। आमतौर पर यह कैंसर दुर्लभ माना जाता है लेकिन अगर कोई व्यक्ति बहुत गरम पेय पीने की आदत रखता है, तो इसका खतरा काफी बढ़ सकता है।शोधकर्ताओं का कहना है कि जो लोग अपनी चाय या कॉफी बहुत गरम पीते हैं, अगर वे इसे थोड़ा ठंडा करके पीना शुरू कर दें, तो इस कैंसर का खतरा कम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चाय और कॉफी के कई स्वास्थ्य फायदे हैं और सलाह दी है कि किसी एक स्टडी या बीमारी के डर से पूरी डाइट बदलने का फैसला न करें।

# नए साल में पलटेगी इन राशि वालों की किस्मत, बनेगा महा–शक्तिशाली योग !

नए साल के आगमन को बस कुछ ही दिन बचे हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह साल काफी अहम रहे वाला है। 18 जनवरी 2026 को मंगल–चंद्र की युति से महालक्ष्मी राजयोग बनेगा। महालक्ष्मी राज योग ज्योतिष का एक बहुत शुभ योग माना जाता है। यह योग व्यक्ति के जीवन में धन, वैभव, सुख–समृद्धि, मान–सम्मान और तरक्की लाने वाला होता है। जिस कुंडली में यह योग मजबूत होता है, वहां आर्थिक स्थिति बेहतर होती है और जीवन में सुविधाओं की कमी नहीं रहती।



महालक्ष्मी राज योग कैसे बनता है

यह योग व्यक्ति के जीवन में धन, वैभव, सुख–समृद्धि, मान–सम्मान और तरक्की लाने वाला होता है। जिस कुंडली में यह योग मजबूत होता है, वहां आर्थिक स्थिति बेहतर होती है और जीवन में सुविधाओं की कमी नहीं रहती। महालक्ष्मी राज योग मुख्य रूप से तब बनता है जब किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली (लग्न कुंडली) में मंगल और चंद्रमा ग्रह एक साथ युति बनाते हैं, खासकर यदि यह युति कुंडली के धन भाव (दूसरा), भाग्य भाव (नौवां), कर्म भाव (दसवां) या लाभ भाव (ग्यारहवां) में हो, जिससे व्यक्ति को धन, सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

महालक्ष्मी राज योग के फल

ज्योतिषियों के अनुसार, जब धन भाव (दूसरा भाव) का स्वामी ग्रह बृहस्पति हो और वह ग्यारहवें भाव (लाभ भाव) में स्थित होकर दूसरे भाव पर दृष्टि डाले, तो भी यह महालक्ष्मी योग कहलाता है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति को धन की कमी नहीं रहती, बिजनेस और नौकरी में उन्नति होती है, घर, वाहन और लग्जरी चीजों का सुख मिलता है समाज में मान–सम्मान बढ़ता है।

इन राशि वालों की बदलेगी किस्मत

इस राजयोग का सबसे गहरा असर मेष राशि वालों पर देखने को मिलेगा. महालक्ष्मी राजयोग से रुकी हुई कमाई के रास्ते खुलेंगे। तुला राशि वालों को महालक्ष्मी राजयोग करियर को मजबूती दिलाएगा, नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिलेगी। मकर राशि वालों के लिए यह योग भाग्य को पूरी तरह सक्रिय रहेगा. विदेश से जुड़ा कोई बड़ा अवसर, यात्रा या कार्य लाभ दे सकता है।

महालक्ष्मी राज योग को मजबूत करने के उपाय

अगर कुंडली में योग कमजोर हो, तो शुक्रवार को मां लक्ष्मी की पूजा करें। सफेद वस्तुएं जैसे (चावल, दूध, मिठाई) का दान करें। ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः मंत्र का जाप करें। घर में साफ–सफाई और सकारात्मक वातावरण बनाएं रखें। महालक्ष्मी राज योग जीवन में धन, सुख और ऐश्वर्य का विशेष योग है। हालांकि, इसका पूरा फल तभी मिलता है जब कुंडली मजबूत हो और व्यक्ति कर्मठ हो।

# खरमास में क्या करें और क्या न करें...

आज से खरमास की शुरुआत हो रही है। इस दौरान कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है। सूर्य धनु राशि में 16 दिसंबर को सुबह 4 बजकर 19 मिनट पर प्रवेश करेंगे। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, सूर्योदय से पहले अगर ऐसा हो रहा है तो उसी दिन खरमास की शुरुआत मानी जाती है। ऐसे में आज यानी 15 दिसंबर से ही खरमास शुरू हो जाएगा। इसका पुण्यकाल 16 दिसंबर की सुबह 4 बजकर 30 मिनट से 10 बजकर 45 मिनट का होगा। इसमें 4 बजकर 30 मिनट से 9 बजकर 30 मिनट तक का समय सबसे उत्तम रहेगा। खरमास में भूलकर भी कुछ कार्य नहीं करने चाहिए। वहीं, इस अवधि में कुछ कार्य करने से पुण्य फल प्राप्त हो सकता है।खरमास की शुरुआत आज यानी 15 दिसंबर, सोमवार से हो रही है। इस अवधि के दौरान कोई भी शुभ मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है। जब सूर्यदेव गुरु बृहस्पति की राशि धनु या मीन में प्रवेश करते हैं तो खरमास का आगाज हो जाता है। ऐसे में आज के दिन सूर्य का गोचर धनु राशि में होने के साथ ही खरमास शुरू हो रहा है। इस दौरान सूर्य का तेज कम हो जाता है और जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं यानी मकर संक्रांति के दिन खरमास का महीना समाप्त हो जाता है। ऐसे में खरमास के 30 दिनों में कुछ विशेष नियमों का खास ख्याल रखना जरूरी माना जाता है।



इस अवधि में गृह प्रवेश, विवाह आदि कार्य वर्जित होते हैं और कुछ कार्यों को करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। खरमास के दौरान गृह प्रवेश करना वर्जित माना जाता है।

ऐसा करने से घर में समस्याएं सकती हैं और यह परिवार में अशांति का कारण बन सकता है। इस अवधि में मुंडन, गृह निर्माण, विवाह, सगाई आदि कार्य करना शुभ नहीं माना जाता है। खरमास में गोद भराई, सगाई, खरीदारी और बहु का गृह प्रवेश भी नहीं करना चाहिए।

इन 30 दिनों की अवधि में नए वाहन या घर खरीदारी की करने बचना चाहिए। साथ ही, वाद–विवादों से भी दूर रहना चाहिए। मान्यता है कि खरमास के दौरान अगर आपके पास कोई जरूरतमंद व्यक्ति मदद मांगने आए तो उसे खाली हाथ वापस नहीं भेजना चाहिए। खरमास में मांस–मदिरा आदि का सेवन करना भी वर्जित माना जाता है। इससे आपके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

खरमास में क्या करना चाहिए– इस माह के दौरान दान करना बहुत लाभकारी माना गया है। ऐसे में खरमास में धर्म–कर्म और दान जैसे कार्य जरूर करने चाहिए।

खरमास के दौरान रामायण, गीता और सत्यनारायण कथा का पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है। इससे जातक को पुण्य फल की प्राप्ति हो सकती है।

खरमास में पूजा, हवन, दान आदि कार्य करना भी शुभ माना गया है। इससे जातक के घर परिवार में सुख–शांति का माहौल बना रहता है।इन 30 दिनों की अवधि में सूर्यदेव की उपासना करने का खास महत्व होता है। ऐसे में खरमास के दौरान श्रद्धापूर्वक सूर्यदेव की पूजा करनी चाहिए।खरमास में भगवान शिव की पूजा और आराधना करने से दुखों का नाश हो सकता है। साथ ही, इस दौरान विष्णुजी की पूजा भी अवश्य करनी चाहिए। इन कार्यों को करने जीवन की कई समस्याओं से राहत मिल सकती है।

अक्सर लोग खरमास और मलमास को एक ही समझने की भूल करते हैं, इन दोनों का अन्तर जानना अति आवश्यक है।

दिसम्बर मध्य से जनवरी मध्य तक प्रतिवर्ष ग्रहराज सूर्य का धनु राशि में संचरण तथा मध्य मार्च से मध्य अप्रैल तक की अवधि खरमास रहती है।

इस बार मई 2026 में अधिक मास भी लग रहा है, जो एक अतिरिक्त मास के रूप में पंचांगों में दिखाई पड़ेगा।

ग्रहराज सूर्य जब अपने गोचर भ्रमण में धनु और मीन राशि पर आ जाते हैं, तो यह अवधि खरमास की होती है, खरमास साल में दो बार आता है। मलमास तीन साल में एक बार आता है, ज्यादातर लोग मलमास को मलमास न कहकर अधिक मास और पुरुषोत्तम मास कहते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मलमास का सम्बोधन करने पर व्यक्ति के पुण्य क्षीण हो जाते हैं, इसलिए पुरुषोत्तम मास या अधिक मास इस समय अवधि को कहा जाता है। संदर्भ आता है कि असुर हिरण्यकश्यप को वरदान था कि उसकी मृत्यु बारह मासों में से किसी भी मास में नहीं होगी, इसलिए भगवान विष्णु ने उसका वध करने के लिए एक अतिरिक्त मास की रचना की, जिसे पुरुषोत्तम या अधिक मास कहते हैं। वर्ष 2026 में शुद्ध ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 मई 2026 से प्रारम्भ होगा तथा अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 17 मई 2026 को लगेगा। अधिक ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 जून 2026 को लगेगा, उसके बाद शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 16 जून 2026 को लगेगा। धर्मग्रंथों में अधिक मास (मलमास) में फल प्राप्ति की कामना से किए जाने वाले समस्त नैमित्तिक कर्म वर्जित कहे गए हैं। इसमें विवाह, मुंडन, यज्ञोपवीत, गृह–प्रवेश, गृहारम्भ, नए व्यापार का शुभारम्भ, नववधु का प्रवेश, दीक्षा–ग्रहण, देव–प्रतिष्ठा, सकाम यज्ञादि का अनुष्ठान, अष्टका श्राद्ध तथा बहुमूल्य वस्तु, भूमि, आभूषण, वस्त्र आदि का खरीदना अर्थात् समस्त कार्य (सांसारिक) कर्मों का निषेध माना गया है।

अधिक मास में केवल भगवान पुरुषोत्तम (श्रीहरि) की प्रसन्नता के लिए निष्काम भाव से व्रत, उपवास, स्नान, दान या पूजनादि किए जाते हैं। अधिक मास में पुरुषोत्तम महात्म्य का पाठ, भगवान विष्णु अथवा श्रीकृष्ण की उपासना, जप, व्रत, दानादि कृत्य करना चाहिए। महर्षि वाल्मीकि के अनुसार पुरुषोत्तम मास में गेहूं, चावल, मूंग, जौ, मटर, तिल, ककड़ी, बथुआ, कटहल, केला, घी, आम, जीरा, सौंठ, सुपारी, इमली, आंवला, सेंधा नमक आदि का सेवन करना चाहिए।

परन्तु यह ध्यान रहे कि पुरुषोत्तम मास में उड़द, राई, प्याज, लहसुन, गाजर, मूली, गोभी, दाल, शहद, तिल का तेल, तामसिक भोजन, पराया अन्न, मसाला–तम्बाकू मदिरा सर्वथा त्याग दें। केवल एक समय सात्विक भोजन, नित्य भजन, संकीर्तन तथा यथा सम्भव भूमि पर शयन करना चाहिए।

## बोतल में जमा हुआ तेल निकालना किसी चुनौती से कम नहीं होता

ठंड में जमे हुए नारियल तेल को पिघलाना हर घर की आम समस्या है। हालांकि इस जमा तेल को पिघलाने के लिए एक बेहत ही आसान तरीका मिला है। जिसके बारे में यूट्यूबर अमरजीत कौर ने जानकारी दी है। उनका नुस्खा आजमाने में ज्यादा टाइम भी नहीं लगेगा।ठंड का मौसम आते ही नारियल तेल का जम जाना हर घर की एक कॉमन समस्या बन जाती है। बोतल में जमा हुआ तेल निकालना किसी चुनौती से कम नहीं होता, और इसे जबरदस्ती निकालने की कोशिश में अक्सर तेल बर्बाद हो जाता है। बहुत से लोग इसे सीधे आग पर या तेज गर्म पानी में रखते हैं, जो कि प्लास्टिक बोतल के लिए खतरनाक हो सकता है। हालांकि आपकी मुश्किल को अब दूर होने वाली है। दरअसल यूट्यूबर अमरजीत कौर ने एक बेहतरीन तरीका बताया है। उनकी ट्रिक के अलावा भी कुछ आसान उपाय और सुरक्षित उपाय हैं जिनसे आप केवल 5 मिनट में अपने नारियल तेल को पिघला सकते हैं।अमरजीत कौर का तरीका नारियल तेल को पिघलाने का सबसे सुरक्षित उपाय है। इसमें बोतल के पिघलने का या तेल के ज्यादा गरम होने का खतरा नहीं रहता है। आपको एक बर्तन में पानी गरम करना है। पानी इतना गरम होना चाहिए कि आराम से छू सकें, बहुत तेज खौलता हुआ नहीं लेना है। अब इस गरम पानी को एक मजबूत



गिलास या मग में डालें। ध्नारियल तेल की बोतल को ढक्कन के साथ इस गरम पानी से भरे गिलास में सीधा खड़ा कर दें। 3 से 5 मिनट के भीतर तेल पूरी तरह पिघल जाएगा। गिलास में बोतल रखने से गिरती नहीं है और गर्म पानी बोतल के चारों ओर समान रूप से गर्मी देता है। अगर नारियल तेल की बोतल केवल थोड़ी सी जमी हुई है और तुरंत थोड़ा सा तेल चाहिए, तो हथेली वाला तरीका सबसे आसान और बिजली रहित है। आप नारियल तेल की बोतल को अपनी दोनों हथेलियों के बीच दबाकर रखें। अब हथेलियों को आपस में धीरे–धीरे रगड़ें, जिससे गर्मी पैदा हो। बोतल को कभी–कभी घुमाते रहें ताकि गर्मी चारों ओर लगे। शरीर की गर्माहट से बोतल का जमा हुआ तेल पिघलना शुरू हो जाता है। यह तरीका तब बहुत उपयोगी है जब यात्रा कर रहे हों या आपको बहुत कम समय में तेल चाहिए। यह तरीका गिलास हॉट बाथ की तरह है लेकिन बड़े आकार की बोतलों या टिन के लिए उपयोगी है। एक चौड़े बर्तन या कटोरे में मीडियम गरम पानी लें। अब नारियल तेल की बोतल या टिन को बिना ढक्कन खोले, सीधा इस कटोरे के गरम पानी में रखें। गरम पानी की भाप और गर्माहट बोतल की बाहरी सतह से होकर अंदर के तेल को पिघलाएगी। अगर आपके पास हेयर ड्रायर है तो तरीका आपके काम आएगा। हेयर ड्रायर को मीडियम या श्कमश गर्मी पर सेट करें। इसे नारियल तेल की बोतल से कम से कम 6 इंच दूर रखें। ड्रायर की हवा को बोतल के उस हिस्से पर डालें जहां तेल जमा हुआ है। इसे एक ही जगह पर ज्यादा देर न रखें, बल्कि घुमाते रहें। हेयर ड्रायर को बहुत पास या हाई–हीट पर इस्तेमाल न करें, इससे प्लास्टिक की बोतल खराब हो सकती है। अगर आप तेल को थोड़ा धीमी गति से लेकिन बिना किसी झंझट के पिघलाना चाहते हैं, तो यह तरीका सबसे अच्छा है। एक पतला तौलिया या कपड़ा लें और उसे गुनगुने या मध्यम गरम पानी में भिगोकर अच्छी तरह निचोड़ लें। इस गरम और नम तौलिये को नारियल तेल की बोतल के चारों ओर कसकर लपेट दें। आप इस पर एक सूखा तौलिया भी लपेट सकते हैं ताकि गर्मी बनी रहे।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले असम के मुख्यमंत्री, विकास और कल्याणकारी पहलों पर हुई चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य के विकास और जन कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। एक विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में असम के आर्थिक विकास, अवसंरचना विकास और जन कल्याणकारी पहलों से संबंधित कई विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। चर्चा का मुख्य बिंदु असम की विकास गति को और तेज करने के लिए केंद्र और राज्य के बीच सहयोग को मजबूत करना था।मुख्यमंत्री ने असम के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने में निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और



राज्य के लोगों की समग्र प्रगति और कल्याण के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाद में, पूर्व ट्विटर (X) पर मुख्यमंत्री शर्मा ने लिखा, आज नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती @nsitharaman जी से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमने असम के विकास और हमारी जनता के कल्याण से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मैंने हमारी विकास यात्रा में उनके निरंतर समर्थन के लिए माननीय मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पहले रविवार को, मुख्यमंत्री शर्मा ने राष्ट्रीय राजधानी में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात की। उपराष्ट्रपति के आवास पर हुई मुलाकात के दौरान, मुख्यमंत्री शर्मा ने राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में उनकी नियुक्ति पर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति को असम आने और राज्य के परिवर्तन और हालिया विकास प्रगति को देखने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया। एक विज्ञप्ति के अनुसार, उपराष्ट्रपति ने इस भाव की सराहना की और 30 मिनट की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत की। X पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, आज नई दिल्ली में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें उपराष्ट्रपति के प्रतिष्ठित पदभार ग्रहण करने पर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और उन्हें हाल के वर्षों में राज्य में हुए परिवर्तन को देखने के लिए असम आने का निमंत्रण दिया।

# सीएम योगी आदित्यनाथ और टाटा समूह के चेयरपर्सन की हुई मीटिंग

## यूपी में एआई सिटी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का प्रस्ताव

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा सन्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरनन के बीच हाल ही में हुई बैठक में प्रदेश में टाटा समूह की ओर से चलाए जा रहे प्रोजक्टस की प्रगति के अपडेट्स और विस्तार के पर विस्तृत चर्चा की गई। टाटा समूह के चेयर पर्सन ने यूपी लखनऊ में एआई सिटी और गोरखपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। टाटा समूह अपनी कंस्लटेंसी सर्विस टीसीएस की लखनऊ नोएडा और वाराणसी यूनिट के वर्क फोर्स में वृद्धि करने और विशेष रूप से पूर्वांचल के युवाओं को एआई, साइबर सिक्योरिटी, डाटा साइंस, ड्रोन और स्पेसे टेक्नालॉजी जैसी अत्याधुनिक टेक्नालॉजी में प्रशिक्षित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। यह बैठक राज्य की उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, स्किल डेवलपमेंट और रोजगार के अवसर में वृद्धि के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।टाटा समूह के चेयर पर्सन ने चर्चा के दौरान प्रदेश की राजधानी लखनऊ में टाटा समूह ने श्एआई सिटीश विकसित करने की कार्य योजना प्रस्तुत की। टाटा समूह की परियोजना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में यूपी को वैश्विक हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एआई सिटी के निर्माण के साथ प्रदेश में भविष्य की तकनीकी क्षेत्र में हजारों की संख्या मेंनौकरियों, स्टार्टअप के विकास का इकोसिस्टम तैयार होगा। गोरखपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री के सामने पेश किया। टाटा समूह ने आईआईटी कानपुर के साथ एमओयू किया है। जिसके तहत टाटा समूह 48 करोड़ रुपये का निवेश कर विशेष तौर पर पूर्वी यूपी के युवाओं को एआई, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस, 3 डी प्रिंटिंग, ड्रोन और स्पेस टेक्नालॉजी के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाएगा। टाटा समूह के सहयोग से चलाई जाने वाली इस परियोजना से प्रदेश में स्किल डेवलपमेंट को नई दिशा मिलेगी। एन. चंद्रशेखरन ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस की लखनऊ और नोएडा यूनिट में वर्क फोर्स को 16,000 से बढ़ाकर 30,000 किया जाएगा। यह कदम यूपी के डिजिटल टैलेंट पूल को मजबूत करेगा, राज्य के युवाओं के लिए आईटी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यूपी ने इलेक्ट्रॉनिकस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी सकारात्मक प्रगति दर्ज की है। यूपी का इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो रहा है,वार्ता के दौरान टाटा समूह के चेयर पर्सन ने इसमें जुड़ने की इच्छा जताई। राज्य सरकार की स्वीकृति से मोबाइल उपकरण और अन्य कंपोनेंट्स के उत्पादन में निवेश करने का प्रस्ताव रखा। साथ उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रानिक प्रोडक्टस की प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए टाटा समूह ने इंटेल के साथ एमओयू के बारे में भी बताया।

# रामकृष्ण मिशन की 116वीं वार्षिक आम बैठक बेलूर मठ में संपन्न

संवाददाता

लखनऊ। रामकृष्ण मठ लखनऊ अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द जी महाराज ने विवेकानंद अस्पताल में मरीजों का वन्दन कर जीव सेवा ही ईश्वर सेवा के महत्व को बताया। रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन के वित्तीय वर्ष 2024–25 में संस्था के कार्यों की रिपोर्ट महासचिव स्वामी सुवीरानन्दजी महाराज द्वारा प्रस्तुत की गई।आपको सादर अवगत कराना है कि भारत की 127 वर्ष पूर्ण कर चुकी जानी मानी लोक परोपकारी धमार्थ अन्तर्राष्ट्रीय संस्था रामकृष्ण मिशन, जिसकी स्थापना आधुनिक युग के महान सन्त परम आदरणीय स्वामी विववेकानन्द जी ने अपने गुरू भगवान श्री रामकृष्ण परमहंस के मूल मंत्र ''जीव सेवा ही शिव सेवा'' को मूर्त रूप देने हेतु स्थापना की थी। जिसमें रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन के महासचिव स्वामी सुवीरानन्दजी महाराज द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में संस्था के कार्यों रामकृष्ण मिशन की संचालन समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण निलिखित है। रामकृष्ण मिशन के डीम्ड विश्वविद्यालय आरकेएमवेरी को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्रालय द्वारा प्रारम्भ किये गये, प्रमुख कार्यक्रम 'प्राकृतिक कृषि पर राष्ट्रीय मिशन के अन्तर्गत 'प्राकृतिक कृषि केन्द्र' स्थापित किये जाने पर चार अन्य संस्थानों के साथ चयनित किया गया तथा राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी)) द्वारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन कोयम्बटूर एवं शिक्षा मन्दिर बेलूह मठ को ए ग्रेड से सम्मानित किया। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेममर्क (एनआईआरएफ) शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार ने भारत रैंकिंग की घोषणा की, जिसमें रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित कॉलेजों ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किये। रैंकिंग में विवेकानन्द सेटेनरी कॉलेज को तीसरा, विद्यामन्दिर आवासीय कॉलेज, बेलूड़ मठ को सतरहयाँ, नरेन्द्रपुर आवासीय कॉलेज, कोलकत्ता को चौबीसों एवं कला एवं विज्ञान कॉलेज, कोयम्बटूर को ८२याँ स्थान प्राप्त हुआ। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा रामकृष्ण मिशन, मोराबादी, राँची केन्द्र की दिव्यायन कृषि केन्द्र ईकाई को चावल की दो स्थानीय सुंगधित किस्मों को विकसित करने के लिए प्रमाणित एवं सम्मानित किया गया।वर्ल्ड स्पोर्टस योग फेडरेशन, कॉब्लून, हॉगकॉग ने कोयम्बटूर स्थित मारूति कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन को योग वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र एवम् इंस्टीटयूशन ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया। विवेकनगर, अगरतला विद्यालय को त्रिपुरा सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार प्रदान किया गया। कोनिकोड विद्यालय को जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक सोसायटी, कोजिकोड (केरल) द्वारा सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार प्रदान किया गया।विद्यामन्दिर आवासीय महाविद्यालय, बेलूड मठ को औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर), गिज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संगठन सम्मान प्रदान किया गया। पश्चिम बंगाल पोस्टल सर्कल द्वारा श्रीरामकृष्ण देव के जन्म दिवस के सुअवसर पर बेलूड मठ स्थित श्रीरामकृष्ण के सार्वभौमिक मन्दिर को चित्रित करता हुआ सचित्र पोस्टकार्ड जारी किया गया। स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस की स्मृति को चिन्हित करने स्वामीजी के पैतृक आगाम को दर्शाता हुआ विशेष डाक कवर एवं सारगाछी केन्द्र, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल की १२५वी वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष पोस्टल कमर जारी किया गया।हरियाणा के गुरुग्राम, पश्चिम बंगाल के कल्याणी, असम के खारुपेटिया, महाराष्ट्र के सकवार, तमिलनाडु के थिरूमुक्कुदल और मध्यप्रदेश के उज्जैन में रामकृष्ण मिशन के छः नये शाखा–केंद्र शुरू किये गये। मध्यप्रदेश के अमरकंटक, पश्चिम बंगाल के दक्षिणेश्वर और कर्नाटक के वेंकटपुरा में रामकृष्ण मठ के तीन नये शाखा–केंद्र शुरू किए गये।

# वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्ष में दो फाड़, उमर अब्दुल्ला बोले: यह कांग्रेस का मुद्दा,इण्डिया गठबंधन का इससे कोई लेना–देना नहीं

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि कांग्रेस के वोट चोरी अभियान से इंडिया गठबंधन का कोई लेना–देना नहीं है। अब्दुल्ला ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस के वोट चोरी अभियान से इंडिया गठबंधन का कोई संबंध नहीं है। हर पार्टी को अपना एजेंडा चुनने का अधिकार है। कांग्रेस ने एसआईआर और वोट चोरी को अपना मुख्य मुद्दा बनाया है। हम उन्हें क्या करने को कहें, यह बताने वाले हम कौन होते हैं? वे अपने मुद्दे चुन सकते हैं, और हम अपने। कांग्रेस ने अपने वोट चोरी अभियान को और तेज करने के लिए राजधानी में एक विशाल रैली आयोजित की। मुख्य विपक्षी दल ने चुनाव आयोग पर भाजपा के साथ मिलकर मतदान प्रक्रिया में हेरफेर करने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग और भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। अब्दुल्ला की ये टिप्पणियां नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता द्वारा इंडिया गठबंधन को जीवन रक्षक प्रणाली पर रखने के एक सप्ताह बाद आई हैं।



इस टिप्पणी पर सहयोगियों की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं आईं, कुछ ने अब्दुल्ला के बयान का समर्थन किया तो कुछ ने असहमति जताई।

दिल्ली में हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में एक संवाद के दौरान अब्दुल्ला ने कहा, ष्हम एक तरह से जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं, लेकिन कभी–कभी कोई हमें झटका देता है और हम फिर से उठ खड़े होते हैं। लेकिन फिर, दुर्भाग्य से, बिहार जैसे परिणाम आते हैं और हम फिर से गिर जाते हैं, और फिर किसी को हमें आईसीयू में ले जाना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मानना है कि इंडिया गठबंधन ने नीतीश कुमार को एनडीए की गोद में धकेल दिया' और बिहार सीट–बंटवारे में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा को शामिल करने में गठबंधन की विफलता की ओर इशारा किया।

आरजेडी नेता मनोज झा ने अब्दुल्ला की टिप्पणियों को जल्दबाजी बताया। उन्होंने कहा, अगर गठबंधन संकट में है, तो उमर भी गठबंधन का हिस्सा हैं। इसे पुनर्जीवित करने के उनके प्रयास क्या हैं? यह किसी एक राजनीतिक दल का मामला नहीं हैय यह सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। ताने मारने से जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। सीपीआई के महासचिव डी राजा ने गठबंधन के सभी दलों से आत्मनिरीक्षण करने की अपील की। राजा ने पूछा, जब धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक दल एकजुट होकर इंडिया ब्लॉक बनाने के लिए एक साथ आए थे, तो उनका पूरा उद्देश्य भारत को बचाना और भाजपा को हराना था। अब क्या हो रहा है, इंडिया ब्लॉक अपेक्षित समन्वय के साथ काम क्यों नहीं कर रहा है?

# राममंदिर आंदोलन से जुड़े डॉ. रामविलास वेदांती का निधन, सीएम योगी ने जताया दुख

एजेंसी

नई दिल्ली। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख व्यक्तित्व और अयोध्या से पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। मध्य प्रदेश के रीवा में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से अयोध्या, संपूर्ण संत समुदाय और राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. रामविलास दास वेदांती मध्य प्रदेश के रीवा जिले के दौरे पर थे। बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनके इलाज के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कदुख जताते हुए एक्स पर लिखा कि श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ, पूर्व सांसद एवं श्री अयोध्या धाम स्थित वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज का गोलोकगमन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनका



जाना एक युग का अवसान है। धर्म, समाज व राष्ट्र की सेवा को समर्पित उनका त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि डॉ. राम विलास दास वेदांती एक सच्चे नायक थे, और हमने पूर्व सांसद के रूप में उनकी सेवा को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। वे एक दृढ़ और साहसी नेता थे जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन पर मैं उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं... राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े कई संघर्षों में हम उनके साथ थे, और आज यह समाचार सुनकर हमें गहरा दुख और पीड़ा हुई है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने चरणों में स्थान दें और उनके अनुयायियों और समर्थकों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति दें। उनका संपूर्ण जीवन सनातन संस्कृति को समर्पित था। उन्होंने राष्ट्र और राज्य की सेवा भी की... लोक सेवा में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता उनके मार्गदर्शक सिद्धांत थे, और वे हमेशा जमीनी स्तर से जुड़े रहे, गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहे... उन्होंने अपना पूरा जीवन भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया, और अयोध्या धाम से निरंतर जुड़े रहे।

# सत्ता के अहंकार और ताकत के बूते छात्रों को किया जा रहा अपमानित : अखिलेश

संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रयागराज में लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र– नौजवानों के साथ अमानवीय और दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बेरोजगारी की पीड़ा से गुजर रहे युवाओं के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट व बाल पकड़कर अपमानित करने का जो काम उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, वह भाजपा का सत्ता का अहंकार है जो क्रूर बनकर अपनी ताकत दिखा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ये न भूले कि पढ़ने वाले युवा लड़ना नहीं चाहते हैं, वो तो बस साफ–सुथरे तरीके से नौकरी की प्रक्रिया का शुद्धीकरण करवाने की माँग कर रहे हैं। हम प्रतियोगी अभ्यर्थियों के साथ नैतिक बल बनकर खड़े हैं। हम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की दोषपूर्ण परीक्षा प्रणाली और भ्रष्ट चयन प्रक्रिया पर लग रहे आरोपों के संदर्भ में एक एसआईआर की पुरजोर माँग करते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को इस बर्बरतापूर्ण व्यवहार के लिए युवा कभी माफ नहीं करेंगे। भाजपा के एजेंडे में नौकरी है ही नहीं। भाजपा जाए तो नौकरी आए। भाजपा ने छात्रों–नौजवानों को धोखा दिया है। छात्र–नौजवानों के साथ छल किया है। उनसे झूठे वादे किए। भाजपा ने छात्रों नौजवानों के साथ किए गए वादों को पूरा नहीं किया। भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग और हर जगह लूट और भ्रष्टाचार है।

## राष्ट्रीय कमेरा मंच का गठन,12 संगठन हुए शामिल

लखनऊ। राजधानी में राष्ट्रीय कमेरा मंच की प्रेसवार्ता। देशभर के किसानों के अधिकारों की सुरक्षा, कल्याण और समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से किसानों के 12 संगठनों ने मिलकर राष्ट्रीय कमेरा मंच की औपचारिक घोषणा की गई। पाधिकारियों ने बताया कि इस मंच का गठन राष्ट्रीय पटल पर किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने तथा उनकी जायज मांगों को प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुँचाने के लिए किया गया है। अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि मंच की स्थापना घटक किसान संगठनों की संयुक्त सहमति, विचार–विमर्श और साझा संकल्प के साथ की गई है। हम एक महागठबंधन के रूप में कार्य करेंगे। देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े 12 किसान संगठकों ने अपनी सम्पूर्ण सहमति दिया है। यह मंच किसानों के सामाजिक, आर्थिक और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करेगा तथा नीतिगत सुधारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन और संवाद को आगे बढ़ाएगा। ओपी यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं का लंबे समय समाधान नही हुआ है।

## कैसरबाग बस अड्डे पर दो बसों की टक्कर,बैक करते समय हुआ हादसा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कैसरबाग बस अड्डे पर सोमवार को अनुबंधित बस बैक करते समय दूसरी अनुबंधित बस से टकरा गई। हादसा बस अड्डे के प्रवेश द्वार के पास हुआ। बस संख्या यूपी 33 एटी 4616 का चालक बस को पीछे ले जा रहा था, तभी कुछ दूरी पर खड़ी बस संख्या यूपी–78 जेटी 3638 उसकी चपेट में आ गई। टक्कर के कारण पीछे खड़ी बस की बैकलाइट टूट गई। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन बस को नुकसान पहुंचा है।

टक्कर के बाद पीछे वाली बस के परिचालक ने चालक को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन समय पर बस नहीं रुक सकी। लाइट टूटने को लेकर दोनों बसों के चालक और परिचालकों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और मारपीट की स्थिति बन गई। मामला बढ़ता देख बस अड्डे पर मौजूद अन्य बसों के चालक और परिचालक मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को अलग किया और समझा–बुझाकर स्थिति को शांत कराया।

# कब्र खुदेगी वाले बयान पर हंगामा ? प्रियंका गांधी का बीजेपी पर हमला, कहा– महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से भाग रही सरकार

नई दिल्ली। कांग्रेस की एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को सवाल उठाया कि इस मुद्दे को संसद में क्यों उठाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय संसदीय मंत्री कार्यवाही में बाधा डाल रहे थे और सत्ताधारी दल प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा को रोक रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि आप (मीडिया) यह नहीं पूछते कि केंद्रीय संसदीय मंत्री स्वयं सदन की कार्यवाही में बाधा क्यों डाल रहे थे... मंच से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा।

प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि फिर हमें पता चला कि जनता में से किसी व्यक्ति या कार्यकर्ता ने ऐसा बयान दिया था, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह कौन था। तो फिर इस मामले को सदन में क्यों उठाया जा रहा है? वे (सत्ताधारी दल) सदन को चलने ही नहीं देना चाहते। हमने प्रदूषण पर चर्चा की मांग की थी, लेकिन वे वह भी नहीं कर रहे हैं। उनकी ये टिप्पणी कांग्रेस नेता मंजू लता



मीना के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कथित वोट चोरी के विरोध में पार्टी द्वारा आयोजित एक रैली के दौरान कथित तौर पर कहा था, मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी। मीना ने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि वह केवल कथित वोट धांधली पर जनता के गुस्से को व्यक्त कर रही थीं और प्रधानमंत्री पर प्रमुख मुद्दों को हल करने में विफल रहने का आरोप लगा रही थीं। उन्होंने कहा कि मतदान में धांधली को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। उन्होंने (भाजपा ने) धांधली करके सरकारें बनाई हैं और चुनाव आयोग भी उनके निर्देशों पर काम कर रहा है। वह (प्रधानमंत्री मोदी) रोजगार, युवाओं, महिलाओं या किसानों की बात नहीं करते। वह मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं," मीना ने कहा। वह जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष भी हैं। दिल्ली–एनसीआर में बिगड़ते वायु प्रदूषण की स्थिति पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसदीय चर्चा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, "स्थिति पहले से कहीं ज्यादा खराब हो गई है। हमें इस पर चर्चा करनी चाहिए। मैं इस पर चर्चा के लिए एक नोटिस जारी करूंगी।"

पंचायत ग्राउन्ड जीरो से
(हिंदी दैनिक)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक संजय कुमार सिंह द्वारा ज्योति इंटरप्राइजेस 11 ई छेदी सिंह का पुरवा, बर्रा–2 कानपुर–208027 से मुद्रित एवं 992 एसबीआई कालोनी रतन लाल नगर कानपुर–208022 से प्रकाशित।

संपादक
संजय कुमार सिंह
मो0–9415051730

नोट–समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय होगा।